तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 14.6 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 22 जनवरी 2025

11 सफाई ठेके में हर साल एजेंसी को 26 करोड़...

12 तीन गांवों को समेटे है शहर का वीर सावरकर वार्ड


# ठंड में खून हो रहा गाढ़ा, हार्टअटैक के मामले बढ़े, चार महीने में 108 ने 40 को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ठंड के मौसम में सामान्यतः खून गाढ़ा होने की वजह हार्ट अटैक के मामलों में तीस फीसदी की बढ़ोतरी हो जाती है। अक्टूबर से लेकर जनवरी में अब सरकारी संजीवनी एंबुलेंस के माध्यम से कार्डियक अरेस्ट के 40 मामले शासकीय अस्पतालों तक पहुंचे हैं। निजी अस्पतालों और दूसरे साधनों से इलाज कराने पहुंचने वालों की संख्या इससे दोगुना है। चिकित्सकों का तर्क है कि इस मौसम में हृदयाघात के मामलों में 30 फीसदी तक इजाफा हो जाता है।

अलग खबर

## सरकारी के साथ निजी अस्पतालों में भी कार्डियक अरेस्ट के पचास से ज्यादा केस

### गैंगरीन के मामले भी बढ़े

कार्डियक एंड वैस्कुलर सर्जन डा. कृष्णकांत साहू ने बताया कि हृदय के साथ पैरों की ओर जाने वाली नसों में ठंड के दिनों में ब्लाकेज बढ़ जाते हैं। गर्मी और बरसात की तुलना में ठंड के दिनों में गैंगरीन यानी नसों में ब्लाकेज की वजह से पैर काला होने की समस्या लेकर आने वाले मरीजों की संख्या 20 फीसदी तक बढ़ जाती है। समस्या अगर पुरानी और ज्यादा गंभीर होती है, तो पैर काटना पड़ता है अथवा सर्जरी कर इसका इलाज किया जा सकता है।

### 108 सेवा के आंकड़ों में कार्डियक अरेस्ट

| माह | हार्ट अटैक | चेस्टपेन |
|---|---|---|
| अक्टूबर | 9 | 946 |
| नवंबर | 11 | 883 |
| दिसंबर | 12 | 907 |



■ चिकित्सकों का तर्क-सर्दी के मौसम में 30 फीसदी तक बढ़ जाता है अटैक का जोखिम


### चेस्ट पेन के तीन हजार मामले

संजीवनी एंबुलेंस के पीआरओ अमित वर्मा ने बताया कि हार्ट अटैक की कई घटनाएं सामने आने के बाद अपनी शारीरिक समस्या को लेकर लोग गंभीर हो चुके हैं। चेस्टपेन की समस्या होने के बाद लोग अस्पताल जाने उनकी मदद ले रहे हैं। साढ़े तीन माह की अवधि में सीने में दर्द की शिकायत वाले करीब तीन हजार लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है। इसमें लोग हृदय रोग के साथ अन्य समस्याओं से पीड़ित थे।

विशेषज्ञों के अनुसार ठंड के मौसम में नसों की सिकुड़न की समस्या बढ़ जाती है और पानी कम मात्रा में पीने अथवा पुरानी बीमारी की वजह से खून गाढ़ा होने की आशंका होती है। हृदय से गुजरने वाली नसों में पुराना ब्लाकेज होने की वजह से खून का बहाव सही नहीं हो पाता और हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। हार्ट अटैक का ज्यादा जोखिम पुरानी बीमारी वालों को होता है। ठंड का मौसम अक्टूबर से प्रारंभ होकर जनवरी तक अपना असर दिखाता है और प्रदेश इस अवधि में बड़ी संख्या में लोगों को हार्ट अटैक आने का अनुमान है। प्रदेश में संचालित निशुल्क 108 संजीवनी सेवा के माध्यम से अक्टूबर से जनवरी में अब तक करीब चालीस मरीजों को कार्डियक अरेस्ट की ▶▶शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से शराब बिक्री करते दो गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने मंगलवार को अलग-अलग जगह से अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से शराब बरामद की है। इनमें खमतराई डेरापारा आडवानी स्कूल के पास तिहारू केंवट 50 वर्ष निवासी डेरापारा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 87 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत 7830 रुपए आंकी गई है। इसी प्रकार रावांभाठा खेल मैदान के पास प्रताप निराला 20 वर्ष निवासी रावांभाठा जो मूलतः नेवराडीह डांगर थाना पचपेड़ी मस्तुरी बिलासपुर का रहने वाला है, के कब्जे से 90 पौवा देशी मशाला शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 9900 रुपए है। पुलिस ने दोनों मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।


### बीएड में प्रवेश दिलाने के नाम पर 48 हजार की ठगी

**रायपुर।** डीएड में प्रवेश दिलाने के नाम पर बीएससी की छात्रा से 48 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। घटना की रिपोर्ट आजाद चौक थाने में दर्ज कराई गई है। प्रार्थिया पूजा साहू निवासी ब्राम्हणपारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बीएससी फाइनल की छात्रा है। 21 सितंबर 2024 को उसे एक अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया था, जिसके धारक ने अपना नाम संदीप बताया। वह खुद को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर का अधिकारी बताते हुए कहा कि वह उसे डीएड में प्रवेश दिला सकता है। इसके लिए उसने पैसों की मांग की। पूजा भी उसके झांसे में आ गई और उसने उसके बताए खाते में 48 हजार 2 सौ रुपए की राशि ट्रांसफर कर दी। इसके बाद आरोपी ने पूजा का मोबाइल काल रिसीव करना ही बंद कर दिया। पूजा ने जब संस्थान में जाकर संदीप के बारे में पता लगाया, तो पता चला कि उसके नाम का कोई व्यक्ति वहां कार्यरत नहीं है। इससे उसे समझ में आ गया कि उसके साथ ठगी हुई है। पुलिस ने इस मामले में 318-4, 111, 3-5 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



### रेस्टोरेंट का दरवाजा तोड़कर 25 हजार की चोरी

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने रेस्टोरेंट में चोरी के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 18-19 जनवरी की दरम्यान रात की है। प्रार्थी मोहम्मद आदिल जो हल्दीराम रेस्टोरेंट का संचालक है, ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोर घटना वाली रात में उसके तेलीबांधा स्थित रेस्टोरेंट का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश कर केश काउंटर में रखे नकद 22 हजार 239 रुपए और सेमसंग कंपनी का मोबाइल चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया है।



गुढ़ियारी के प्रेमनगर मोहल्ले में दिनदहाड़े घटना से क्षेत्र में फैली सनसनी


# हेयर स्टाइल पर कमेंट किया तो कर दिया दोस्त का मर्डर, चाकू से ऐसे वार कि पांच मिनट में हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी इलाके के प्रेमनगर में मंगलवार को दिनदहाड़े सुबह करीब 11.30 बजे हत्या हो गई। हत्यारा और मृतक दोनों नाबालिग होने के साथ आपस में दोस्त में थे। आरोपी कक्षा दसवीं का छात्र है, वहीं मृतक कक्षा 11वीं में फेल होने के बाद से स्कूल की पढ़ाई छोड़ चुका था, लेकिन इसके बाद भी दोनों गहरे दोस्त थे। यह दोस्ती दुश्मनी में तब बदली, जब दोनों एक-दूसरे के हेयर स्टाइल को लेकर मजाक में कमेंट करने लगे। इस कमेंट का विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि छात्र ने अपने दोस्त पर चाकू से कई वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने घटना के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इधर दिनदहाड़े हत्या की घटना से मोहल्ले में सनसनी फैली हुई है।

घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृतक सौरभ बांधे 17 वर्ष प्रेमनगर में माता-पिता, बड़ा भाई एवं एक छोटी बहन के साथ किराए के मकान में रहता था। सौरभ मोहल्ले में ही संचालित ज्ञान आदर्श विद्यालय में पढ़ता था। उसके दोस्तों ने बताया कि वह पिछले वर्ष कक्षा 11वीं की परीक्षा में फेल हो गया था। इसके बाद उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। जिस स्कूल में वह पढ़ता था, आरोपी छात्र भी उसी स्कूल में पढ़ता है, लेकिन वह दूसरे ▶▶शेष पेज 11 पर

## आरोपी दसवीं का छात्र, वहीं मृतक कक्षा 11वीं में फेल होने के बाद छोड़ चुका था पढ़ाई



### आरोपी को मृतक के रिश्तेदार ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

सौरभ पर वार करने के बाद छात्र वहां से भागने लगा। इस दौरान मृतक का रिश्तेदार दुष्यंत देवदास वहां से गुजर रहा था। उसे मोहल्ले के कुछ लड़कों ने बताया कि उसके भाई पर जानलेवा हमला कर उसका दोस्त भाग रहा है। इसके बाद दुष्यंत ने छात्र को दौड़ा कर पकड़ा और फिर पुलिस को सूचना देकर उसके हवाले किया।

### स्कूल बैग में मोबाइल-चार्जर मिले

आरोपी छात्र स्टाइलबाज निकला है। उसे अपने हेयर स्टाइल पर कमेंट करना बिल्कुल पसंद नहीं था। यही कारण है कि उसने गुस्से में आकर अपने दोस्त की भी हत्या कर दी। पुलिस ने छात्र के स्कूल बैग से मोबाइल और चार्जर भी बरामद किया है। इससे पता चलता है कि छात्र कहीं न कहीं स्टाइलबाज है।

### जहां मारा चाकू, वहां से 20 कदम दूर जाकर तोड़ा दम

सौरभ पर छात्र ने जिस जगह पर चाकू के वार किए, उस जगह से सौरभ सिर्फ 20 कदम ही चल पाया और एक घर के सामने जाकर गिर गया। सौरभ के जमीन पर गिरने के कुछ मिनट के भीतर ही उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जिस समय सौरभ जमीन पर गिरा, उसके सीने से खून की तेज धार निकलने लगी और 2 से 3 मिनट तड़पने के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### सप्ताहभर से चल रहा था दोनों के बीच विवाद

सौरभ के मोहल्ले में रहने वाले नाबालिग दोस्तों ने बताया कि सप्ताभर से सौरभ और आरोपी छात्र के बीच विवाद चल रहा था। यह विवाद एक-दूसरे के हेयर स्टाइल पर किए गए कमेंट को लेकर चल रहा था। इस कमेंट के कारण सौरभ से उसका साथी काफी नाराज था और इसी बात को लेकर पिछले सप्ताहभर से दोनों के बीच विवाद भी हो रहा था। सुबह छात्र ड्रेस में स्कूल जाने प्रेमनगर पहुंचा, तभी उसकी मुलाकात सौरभ से हो गई। स्कूल लगने में उस समय 15 मिनट बचे हुए थे। इस दौरान दोनों स्कूल के पास मोहल्ले में एक घर के बाहर बैठकर विवाद खत्म करने बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान छात्र ने अपने स्कूल बैग से चाकू निकालकर उस पर वार करना शुरू कर दिया। छात्र ने सौरभ के सीने और पेट के पास 3 से 4 वार किए, जिससे उसकी 5 मिनट के भीतर मौके पर ही मौत हो गई।

# चाइनीज मांझे पर दूसरे दिन भी जांच 2 दुकानें सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में चाइनीज मांझा के विक्रय की शिकायत पर मंगलवार को दूसरे दिन नगर निगम के राजस्व विभाग ने शहर के अलग-अलग इलाकों में स्थित पतंग दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान गोलबाजार इलाके की 2 पतंग दुकानों को सीलबंद किया, जबकि दो दुकानों पर लाइसेंस नहीं होने पर जुर्माना किया गया।

■ गोलबाजार क्षेत्र की 2 पतंग दुकानें सीलबंद


प्रतिबंधित चाइनीज मांझा से राजधानी के पचपेड़ीनाका इलाका स्थित लक्ष्मीनगर के 7 वर्षीय मासूम की मौत के बाद निगम के राजस्व विभाग की टीम ने शहर की पतंग दुकानों में निगम उपायुक्त राजस्व डॉक्टर अंजलि शर्मा के मार्गदर्शन में आकस्मिक निरीक्षण कर कार्रवाई की। जोन 4 के राजस्व विभाग की टीम ने स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड के गोलबाजार क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान 2 पतंग दुकानों को सीलबंद किया गया, जबकि उमदा पटाखा दुकान के संचालक द्वारा अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं रखे जाने पर जुर्माना किया गया। मेसर्स सिटी मोबाइल दुकान संचालक पर निगम का अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं मिलने पर जुर्माना किया गया। नगर निगम जोन 10 के राजस्व विभाग की टीम ने जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के निर्देश पर पतंग दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। सभी पतंग दुकानदारों को दुकान में चाइनीज मांझा कदापि नहीं रखने की हिदायत दी गई।

## कुंभ जाने अब ट्रेनों में 'नो रूम'

# स्पेशल के स्लीपर में 142 वेटिंग, 24 तक सारनाथ और बरौनी एक्सप्रेस में बुकिंग बंद

■ रोजाना दो ट्रेनों में 1500 से अधिक यात्री जा रहे प्रयागराज

■ ट्रेनों में बुकिंग बढ़ने के बाद अब बसों में सफर कर रहे यात्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महाकुंभ में डुबकी लगाने वालों की संख्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। छत्तीसगढ़ से भी रोजाना श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। यही वजह है कि रायपुर से प्रयागराज जाने ट्रेन टिकट को लेकर मारामारी भी शुरू हो चुकी है। स्लीपर और एसी में वेटिंग 100 के पार होने से बाद लोग दलाल स कन्फर्म टिकट को लेकर संपर्क कर रहे हैं। हरिभूमि ने टिकट को लेकर पड़ताल की, तो पता चला सारनाथ और बरौनी एक्सप्रेस में 24 जनवरी को लेकर स्लीपर कोच में बुकिंग रेलवे ने बंद कर दी है।

रायपुर से पहली स्पेशल ट्रेन इस शुक्रवार को रवाना होगी। इसमें केवल स्लीपर कोच में ही वेटिंग 142 पहुंच गई है। सेकेंड और थर्ड एसी में वेटिंग की संख्या 110 तक है। रेलवे महाकुंभ को लेकर आधा दर्जन से अधिक स्पेशल ट्रेन चला रहा है। सभी वेटिंग 100 के पार पहुंच चुकी है। ऐसे में अब प्रयागराज जाने के लिए यात्री को कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल हो गया है।

### ट्रेन से महंगा हुआ बस का टिकट

प्रयागराज जाने ट्रेन से महंगा अब बस का टिकट हो गया है। ट्रेन में वेटिंग होने से बड़ी संख्या में लोग बस का टिकट खरीद रहे हैं, जिसके लिए उन्हें ट्रेन के थर्ड एसी की तुलना में 1000 तक अधिक देना पड़ रहा है। ट्रेन में थर्ड एसी का किराया जहां 1040 है, तो वहीं बस में यात्रियों को 2500 से 1700 तक देना पड़ रहा है। यात्रियों की मांग देखते हुए बस संचालकों ने किराया भी बढ़ा दिया है।

### सारनाथ के थर्ड एसी में स्लीपर जैसे हालात

प्रयागराज जाने के लिए सर्वाधिक भीड़ इन दिनों सारनाथ और बरौनी एक्सप्रेस में है। प्रतिदिन इस ट्रेन से 1500 से अधिक लोग प्रयागराज पहुंच रहे हैं। 1 फरवरी तक स्लीपर में वेटिंग 100 से अधिक है। थर्ड एसी में भी यात्री अब वेटिंग टिकट के साथ सफर करने लगे हैं। इस वजह से थर्ड एसी में स्लीपर जैसी भीड़ देखने को मिल रही है। वेटिंग यात्रियों की संख्या प्रयागराज में बढ़ गई है। रायपुर और बिलासपुर में भीड़ कम करने के लिए आरपीएफ को जनरल कोच से यात्रियों को भी उतारना पड़ रहा है।

### छत्तीसगढ़ पैवेलियन में रोज ठहर रहे 300 श्रद्धालु

9 दिनों में रायपुर से ट्रेन के जरिए अभी तक 60 हजार से अधिक लोग महाकुंभ जा चुके हैं। 24 से स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू होगा। मेला स्थल पर यात्रियों के लिए पैवेलियन बनाया गया है, जो प्रयागराज रेलवे स्टेशन के पास ही है। यहां भी रोजाना छत्तीसगढ़ के 300 श्रद्धालु रोज ठहर रहे हैं। अभी तक 20 हजार से अधिक लोग ठहर चुके हैं।

# 14 फरवरी तक अपलोड करने होंगे प्रायोगिक परीक्षा के अंक इसके पहले जांचे जाएंगे डेटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने छत्तीसगढ़ सहित देशभर के सभी स्कूलों के लिए नोटिस जारी किया है। जिसमें सीबीएसई ने सभी स्कूलों को निर्देश देते हुए कहा कि छात्रों के बोर्ड परीक्षा 2025 के सभी प्रैक्टिकल एग्जाम्स के अंकों को 14 फरवरी तक सीबीएसई के पोर्टल पर अपलोड करें। बोर्ड ने स्कूलों से यह भी अनुरोध किया है कि वे अपलोड करने से पहले सारे डेटा को बारीकी से चेक कर लें और अपलोड किए जा रहे प्रैक्टिकल एगजाम्स के मार्क्स को सही तरीके से अंकित करें। सीबीएसई ने अपने आधिकारिक नोटिस में कहा कि बोर्ड परीक्षा 2024-25 को लेकर अधिकतर स्कूल प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट और आंतरिक मूल्यांकन कर रहे हैं और इसके लिए सीबीएसई पोर्टल पर अंक अपलोड कर रहे हैं। इसी क्रम में, 12वीं कक्षा के ▶▶शेष पेज 11 पर

■ स्कूलों को निर्देश जारी, 15 जनवरी से खोले गए हैं पोर्टल

# वाहनों के प्रदूषण प्रमाणपत्र की फीस बढ़ी एक हिस्सा सरकार के खजाने में जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में सभी प्रकार के वाहनों के प्रदूषण की जांच के दिए जाने वाले नियंत्रित प्रदूषण प्रमाणपत्र की फीस अब बढ़ा दी गई है। खास बात ये है कि पूर्व में बढ़ी हुई फीस का हिस्सा राज्य सरकार के खजाने में जाएगा। इसके साथ ही जीएसटी की राशि भी अलग से ली जाएगी। राज्य सरकार ने इस काम के लिए छत्तीसगढ़ मोटरयान प्रदूषण जांच केंद्र योजना के प्रावधान में बदलाव किया है। पूर्व में इस योजना के तहत संबंधित जिलों ▶▶शेष पेज 11 पर

■ अब प्रदूषण जांच फीस पर जीएसटी भी लगेगा

## राज्य सरकार ने किया पुराने नियम में बदलाव



### अब इतनी लगेगी बढ़ी हुई फीस

वाहनों के नियंत्रित प्रदूषण प्रमाण पत्र के लिए दो पहिया के लिए अब 40 की जगह 60 रुपए लगेंगे। इसमें से 20 रुपए राज्य सरकार के खाते में जाएंगे। इसी तरह तीन पहिया के लिए 60 रुपए की जगह 90 रुपए, चार पहिया हल्के मोटर यान के लिए 80 की जगह 120 रुपए लगेंगे। मध्यम मोटर यान के लिए पहले 100 रुपए लगते ▶▶शेष पेज 11 पर

### प्राधिकार जारी करने की प्रक्रिया में बदलाव

छत्तीसगढ़ मोटर यान प्रदूषण जांच केंद्र योजना के प्रावधान के तहत संबंधित जिले के कलेक्टर, एसपी एवं परिवहन अधिकारी की एक समति जिले में पंजीकृत मोटरयानों की संख्या को ध्यान में रखते हुए तथा स्थानीय क्षेत्र की आवश्यकता पर विचार कर उस जिले में स्थापित प्रदूषण जांच केंद्रों की अधिकतम संख्या प्रस्तावित करती थी। कलेक्टर द्वारा अनुमोदित संख्या के आधार पर प्रदूषण जांच केंद्र खोले जाते थे। इस प्रक्रिया में अब बदलाव करते हुए यही काम अब क्षेत्रीय परिवहन ▶▶शेष पेज 11 पर

# गणतंत्र दिवस पर रह सकती है गुलाबी ठंड, अभी पश्चिमी विक्षोभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ पाकिस्तान के समीप एक साथ तीन सिस्टम

■ चौबीस घंटे में रायपुर का करीब 15 डिग्री रिकार्ड किया



पाकिस्तान के आसपास बने तीन पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव अगले तीन दिन तक रह सकता है। इसके बाद तापमान में गिरावट आने से गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी को गुलाबी ठंड रह सकती है। अभी रायपुर का पारा सामान्य से तीन डिग्री अधिक चल रहा है। इसमें अभी ज्यादा बढ़ोतरी की संभावना नहीं है।

मध्य इलाके में हल्की ठंड का प्रभाव अब सुबह के वक्त सिमटकर रह गया है। केवल राज्य के सीमावर्ती इलाके में ठंड का असर हो रहा है। नारायणपुर, बलरामपुर जैसे इलाके में पांच से छह डिग्री की ठंड पड़ रही है। शेष इलाकों में पारा नौ से बारह डिग्री पर है। प्रदेश में रात हाई टेंप्रेचर पिछले चौबीस घंटे में रायपुर का करीब 15 डिग्री रिकार्ड किया गया है। सुबह के वक्त हल्की ठंड दिन चढ़ने के बाद धीरे-धीरे गायब हो गई। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक तीन पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बुध और गुरुवार को बादल छाए रहने और न्यूनतम तापमान में थोड़ी वृद्धि होने की संभावना है। जनवरी में इस बार हर दो से तीन दिन के अंतराल में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की वजह से न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव होता रहा, जिसकी वजह से ठंड का अहसास कभी कम तो कभी ज्यादा होता रहा।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### क्रिकेट प्रतियोगिता में वार्ड दो विजेता और वार्ड 9 उप विजेता

**तिल्दा नेवरा।** दाऊ बेनी राम हनुमंता स्मृति वार्ड क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत सगुनी में संपन्न हुआ। जिसमें वार्ड क्रमांक 2 विजेता और वार्ड क्रमांक 9 उप विजेता रहें। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम के उपसरपंच रजत कश्यप द्वारा किया गया था। साथ ही पुरस्कार वितरण समारोह में रतनचंद निषाद जनपद सदस्य, पूर्व सरपंच पुरषोत्तम निषाद, देवेन्द्र वर्मा उपाध्यक्ष रायपुर जिला कांग्रेस, पवन निषाद, बुधराम वर्मा, नरेंद्र वर्मा, रोमलाल साहू, बिसरू निषाद, संजय वर्मा, संतोष वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### आत्मानंद विद्यापीठ ताराशिव में वार्षिकोत्सव 23 जनवरी को

**तिल्दा नेवरा।** डॉक्टर खूबचंद बघेल शिक्षण समिति द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ ताराशिव में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा तथा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन 23 जनवरी गुरुवार को दोपहर 12:00 बजे से किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खोडस राम कश्यप केंद्रीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, अध्यक्षता ठाकुर राम वर्मा राज प्रधान तिल्दा राज, विशिष्ट अतिथि मोतीलाल वर्मा अध्यक्ष डॉ खूबचंद बघेल शिक्षण समिति, यशवंत वर्मा महामंत्री छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, लक्ष्मी बघेल पूर्व विधायक बलौदाबाजार होंगे। यह जानकारी संत राम वर्मा अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ ताराशिव ने दी।

### केन्द्रीय मंत्री गिरीराज को देवांगन बुनकर समाज ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** अखिल भारतीय देवांगन कोष्टा-कोष्टी समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश देवांगन समाज के संरक्षक महेश देवांगन के नेतृत्व में केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरीराज सिंह से देवांगन समाज, बुनकर समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने विभिन्न मांगों को लेकर नवा रायपुर, अटल नगर स्थित स्टेट गेस्ट हाऊस में भेंट-मुलाकात की। इस दौरान समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने ज्ञापन देकर केन्द्र शासन द्वारा सूती धागे पर दिये जा रहे 15 प्रतिशत अनुदान की तरह पॉलिस्टर धागे में भी अनुदान की मांग की है। वहीं हथकरघा वस्त्रों और हथकरघा वस्त्र उत्पादन में उपयोग में आने वाले कच्चा माल जैसे- धागे, हथकरघा उपकरण, हथकरघा उत्पादों को भी जीएसटी से मुक्त रखने की मांग रखी है। बुनकरों के मितव्ययता निधि को पुनः प्रारंभ करने, आवासहीन बुनकरों को आवास निर्माण के लिए विशेष सहायता राशि देने, हथकरघा बुनकरों के लिए संचालित पुरानी योजनाओं को संशोधित करने तथा राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम को अधिक प्रभावी बनाने से मांग अनुरूप वस्त्र उत्पादन, विपणन इत्यादि में सहायक होने संबंधी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

## निधन

### कोदूराम यादव

**रायपुर।** ग्राम फरहदा निवासी कोदूराम यादव 75 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। अंतिम यात्रा बुधवार सुबह 10 बजे निज निवास से गांव के मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे लीला बृजलाल, रामेश्वर, भोजराज व निक्की न्युज एजेंसी के संचालक टीकाराम यादव के पिता थे।



### नरेंद्र कुमार वर्मा

**तिल्दा नेवरा।** ग्राम जोता निवासी नरेंद्र कुमार वर्मा शिक्षक का निधन मंगलवार को हो गया।उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे बहेसर के संकुल समन्वयक थे। साथ ही छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के चुनाव समिति के सक्रिय सदस्य थे।



# खरोरा नपं अध्यक्ष सहित पार्षद के लिए सिंगल नाम तय : पर्यवेक्षक बंजारे

## कांग्रेस पार्षद एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी की घोषणा जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिलयारी

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा नियुक्त खरोरा नगर पंचायत के पर्यवेक्षक राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गिरीश देवांगन, पूर्व सांसद छाया वर्मा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उधो राम वर्मा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा की उपस्थिति में खरोरा नगर पंचायत के अध्यक्ष दावेदार एवं पार्षद के दावेदारों ने अपने बायोडाटा दिए दावेदार से वन टू वंन चर्चा के बाद श्री बंजारे ने वरिष्ठ जनों से आम सहमति बनाते हुए खरोरा नगर पंचायत के 15 वार्डों के सिंगल नाम तय कर दिए साथ ही नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए भी सिंगल नाम तय कर दिए हैं विधिवत घोषणा जिला कांग्रेस कमेटी के चुनाव समन्वय समिति की बैठक में भेजने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी की घोषणा जल्द ही की जाएगी। खरोरा नगर पंचायत के पर्यवेक्षक श्री राजेंद्र बंजारे ने नगर पंचायत अध्यक्ष दावेदार एवं पार्षद के दावेदारों से भाजपा सरकार की 1 साल की विफलताओं को आम जन तक पहुंचाते हुए भाजपा के नगर पंचायत अध्यक्ष के काले कारनामों की उजागर कर आम जनता को भाजपा सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचाने कहां। साथ ही नगर पंचायत खरोरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत भाजपा सरकार द्वारा एक साल में एक भी इट नहीं न रखने को विष्णु देव साय सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचने कहा। यही वजह है कि कांग्रेस कई रणनीति पर काम करने की तैयारी कर रही है कांग्रेस प्रदेश स्तरीय मुद्दों के साथ स्थानीय मुद्दों को लेकर भी चुनाव लड़ेगी।



### प्रदेश की जनता सरकार के कामकाज से संतुष्ट नहीं

कांग्रेस पर्यवेक्षक राजेंद्र बंजारे का कहना है कि पार्टी पूरी ताकत के साथ निकाय चुनाव लड़ेगी। प्रदेश की जनता सरकार के कामकाज से संतुष्ट नहीं है। इसका फायदा कांग्रेस को मिलेगा। यही वजह है कि निकाय चुनाव में जनता के बीच जाने के लिए मुद्दों को खंगालना शुरू कर दिया है, ताकि ज्यादा-ज्यादा से मतदान कांग्रेस के पक्ष में हो सकें। कांग्रेस इसके आधार पर घोषणा पत्र बनाने पर विचार कर रही है, ताकि स्थानीय प्राथमिकताओं को भी महत्व मिल सकें।

## डिप्टी सीएम बोले- भाजपा करेगी जनता के सपनों को पूरा

# साव बोले- कांग्रेस ने निकायों की दुर्दशा की, हमने बिना भेदभाव के संवारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर



छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, छत्तीसगढ़ में होने जा रहे नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव मूलतः उस विश्वास को जनादेश में बदलने के लिए हैं, जो विश्वास हमने अपने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में हासिल किया है। हमने पिछले महीने ही जनादेश परब में विश्वास का एक वर्ष पूर्ण किया है। श्री साव ने कहा कि हमने नगरीय निकाय और पंचायत दोनों का आमचुनाव एक साथ कराने का निर्णय लिया है। ऐसा कर हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वन नेशन वन इलेक्शन की ओर एक निर्णायक कदम बढ़ा चुके हैं। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार में निकायों की भारी दुर्दशा रही है। हमारी सरकार बनने के बाद हमने बिना किसी भेदभाव के निकायों को बजट देकर संवारने का काम किया है। निकायों में कांग्रेस के महापौर और अध्यक्ष रहने के बाद भी निकायों को पैसे दिए गए। हम अपने कामों को लेकर ही जनता के बीच जाएंगे।

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री साव ने कहा, इस वर्ष को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है। निस्संदेह अटल निर्माण वर्ष में हमारी सरकार अधोसंरचना के क्षेत्र में अधिकाधिक कार्य करेगी और इसका सबसे बड़ा लाभ हमारे नगरीय निकायों को मिलेगा। श्री साव ने कहा, भाजपा ने अपने मंत्र हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे के साथ राज्य में विकास का नया अध्याय लिखा है। केंद्र और राज्य, दोनों में भाजपा सरकार ने जो अद्भुत कार्य किए हैं, वह जनता के सामने हैं। हमने बीते एक साल में जो वादे किए, उन्हें पूरा कर यह साबित किया है कि भाजपा केवल बोलती नहीं, बल्कि करके दिखाती है। अब हम इस मंत्र को लेकर नगर पालिका, नगर निगम और जिला परिषद स्तर तक पहुंच रहे हैं, ताकि हर शहर, हर वार्ड, और हर गली, यहां तक कि हर घर में विकास की यह गूंज सुनाई दे। श्री साव ने कहा कि हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ के हर नागरिक को स्वच्छ, सुंदर, और समृद्ध जीवन प्रदान करना है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन के विपरीत, भाजपा हर स्तर पर पारदर्शी और जवाबदेह शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### कांग्रेस ने केंद्र सरकार की योजनाओं को भी रोका

श्री साव ने कहा, केंद्रीय योजनाओं में भी सस्ती राजनीति के कारण लगातार कांग्रेस ने अवरोध पैदा किया। कांग्रेसी महापौरों ने केंद्रीय योजनाओं जैसे पीएम आवास, हर घर जल, और स्वच्छ भारत अभियान को अवरुद्ध किया, ताकि भाजपा सरकार के विकास प्रयासों को विफल किया जा सके। इसने राज्य के विकास को धीमा किया और नागरिकों को आवश्यक मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा। भाजपा सरकार अब इन योजनाओं को तेजी से लागू कर रही है।

### कांग्रेस ने बिगाड़ा, हमने संवारा

श्री साव ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा, कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता को हमेशा निराश किया है। 2018 के विधानसभा चुनाव और 2019 के शहरी निकाय चुनाव में जीत हासिल करने के बाद, कांग्रेस ने जनहित के वादों को पूरा करने के विपरीत भ्रष्टाचार और कुशासन का नया अध्याय लिखा। कांग्रेस के शासनकाल में विकास के कार्य ठप कर दिए गए। श्री साव ने कहा, छत्तीसगढ़ में पिछले पांच वर्ष में शहरी क्षेत्रों में भी कांग्रेस का कब्जा था, और कांग्रेस के कार्यकाल में शहरों की हुई दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। खराब सीवेज व्यवस्था के कारण शहर गंदगी और जलभराव का शिकार हो गए हैं। मुहल्लों में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां फैल रही थी। विकास के कार्य ठप पड़े हुए थे, हमने पिछले 13 महीनों में 7,300 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर शहरों के विकास में जान फूंकी है। मिशन अमृत अंतर्गत पांच शहरों में 865 करोड़ की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्वीकृत किए गए है। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत अनुपचारित जल प्रबंधन हेतु एक लाख से कम जनसंख्या वाले 160 शहरों में 830 करोड़ की लागत से लगभग 200 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना और 1000 किमी से अधिक सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी।

# लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें, समय का करें सदुपयोग : सूर्यवंशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶। धरसींवा

- यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव की रही धूम

ब्लाक मुख्यालय धरसींवा के नगरपंचायत कुरा स्थित यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में नन्ने बच्चों ने वार्षिक उत्सव में कमाल दिखाए। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में डॉ. सतीश सूर्यवंशी थे। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर डॉ. वीरेंद्र सिन्हा ने नर्सरी और बाकी के क्लास के एडमिशन फीस फ्री करने की घोषणा किए।

प्रिंसिपल वैशाली जायसवाल द्वारा क्लास में प्रथम स्थान लाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार से सम्मानित किए। इससे पहले शाला में नन्हे बालकों व विद्यालय परिवार द्वारा स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यातिथि के रूप में डॉ. सतीश सूर्यवंशी व स्कूल के डायरेक्टर डॉ. वीरेंद्र सिन्हा ने सर्वप्रथम उन्होंने स्कूल प्रबंधन समिति के साथ मां भारती एवं मां सरस्वती की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात स्कूल प्रबंधन समिति के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट स्वागत करते हुए मोमेंटो से सम्मानित किया गया। डाक्टर सतीश सूर्यवंशी ने कहा कि आप अपनी लक्ष्य प्राप्ति की बेहतर बनाये और कैरियर पर विशेष ध्यान दें। साथ ही उन्हों ने बच्चों को टिप्स बताए और कहा कि वे लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें। समय का सदुपयोग करें। पढ़ाई में ध्यान दें।

साथ ही छात्र -छात्राओं के बेहतर भविष्य की कामना भी की। खेल हो या पढ़ाई दोनो जरूरी है। लेकिन कॅरियर बनाने के लिए मेहनत जरूरी है। लगातार मन लगाकर पढ़ाई करें।इस अवसर् पर वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहन नृत्य और गीत संगीत और भाषण, कविता आदि की प्रस्तुत देकर सब का मनमोह लिया।

# बहना काड़ी में पहुंचे 11 रास व लोस सांसद, जन समस्यायों से हुए रुबरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶। मंदिर हसौद





राजधानी रायपुर के पास स्थित ग्राम पंचायत बहना काड़ी में मंगलवार को मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के 11 लोकसभा व राज्यसभा सांसद जिसमें फगन सिंह कुलसटे प्रतिमा मंडल, डॉ. मल्लूरवी प्रभु भाई नगरभाई वस्वा,अरुण कुमार,जगन्नाथ सरकार, गोविंद मकथप्पा करजोल, मिथिलेश कुमार,फूलों देवी नेताम, डॉक्टर वी शिवदसन, एड चंद्रशेखर आजाद सभी सांसदों ने ग्राम बहना काड़ी पहुंचे। जहां स्कूली बच्चों से मुलाकात की। वहीं स्कूलीय बच्चे भी शाम 6:00 तक माननियों का प्रतीक्षा करते रहे। जहां सांसदों ने नवीन प्राथमिक शाला खदान पारा स्थित स्कूल और आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया और महिला बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, नन्हे बच्चे को मुंह, अन्न प्रसान रस्म भी कराई गई। वहीं सांसद चंद्रशेखर आजाद ने बच्चों के लिए बनाए गए भोजन का स्वाद चखा।

- ग्रामीणों ने कहा- गांव में अवैध शराब बिक्री, चूना पत्थर की खदानों में हैवी ब्लास्टिंग, शिक्षकों की अभाव

जहां स्कूल के निरीक्षण के बाद सभी सांसदों ने स्कूल के शिक्षकों और पंचायत की प्रशंसा की तत्पश्चात गांव में सांसदो ने सभा लिया जहां सरपंच अशोक बंजारे द्वारा सभी अतिथियों बुके भेट कर स्वागत किया। वहीं ग्रामीणों द्वारा हाई स्कूल की मांग व विभिन्न समस्याओं को सांसदों के बीच रखें जिसमें अवैध शराब बिक्री हैवी ब्लास्टिंग स्कूल में शिक्षको की अभाव और नल जल योजना से अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पानी नहीं पहुंच पाना। साथ ही क्षेत्र में स्थित कंपनियों में ग्रामीणों को रोजगार नहीं दिए जाना तथा मजदूरों को कलेक्ट्रेट दर पर मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाना इन समस्याओं को सांसदो के बीच रखा, जिस पर सांसदो द्वारा विभागीय अधिकारियों को आदेशित किया।



# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से यशवंत अतिरिक्त लाभ कमा रहे



**तिल्दा नेवरा।** कम लागत से छोटी दुकान चला अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले सृष्टि वेंडर्स के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना काफी मददगार सिद्ध हो रही है इसके जरिए लोग अपने कारोबार को बढ़ा अतिरिक्त लाभ कमा रहे है। तिल्दा नेवरा नगर पालिका अंतर्गत यशवंत निषाद 35 वर्षीय ने बताया की पहले व पूराने ठेला में चना व पहली बेचता था। लॉकडाउन के दौरान उनकी आर्थिक स्थिति और खराब हो गई। ऐसे समय में नगर पालिका के माध्यम से जानकारी मिली कि मोदी सरकार ने हम जैसे लोगों के लिए नई योजना लागू की है मैने योजना के तहत आवेदन किया और मुझे 10 हजार रुपए का आसान ऋण मिल गया। जिससे मैंने अपने चना-फली व्यवसाय का विस्तार किया दैनिक आय पहले 200-300 रुपये थी जो बढ़कर 700-1000 तक पहुंच गई है अब परिवार की जरूरत पूरी करने के बाद लोन का किश्त समय पर अदा करार दिया तो मुझे दूसरे चारण में 20,000 का दूसरा ऋण मिल गया। यशवंत निषाद का कहना है कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने मुझे अपने परिवार को आगे बढ़ाने और बेहतर जीवन देने का मौका दिया। मेरे तरह हर स्ट्रीट वेंडर इस योजना का लाभ उठा कर अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं।



# सड़कों पर मुरुम व मिट्टी के ढेर हादसे को दे रहे निमंत्रण

**सिलयारी।** रायपुर विधानसभा से सिलयारी तिल्दा नेवरा हथबंद तथा भाटापारा को जोड़ने वाली लोक निर्माण विभाग की चमचमाती सड़क पर मुरूम व मिट्टी की ढेर लोगों को हादसे का निमंत्रण दे रहा है। बिल्डरों द्वारा रात के अंधेरे में मुरूम मिट्टी का ढेर लगाकर सड़क कि दश दिशा बिगड़ रहे। सड़कों पर धूल गुब्बर उठ रहे हैं। सड़क पर जेसीबी के चलने से सड़क बुरी तरह उखाड़ कर खराब हो रही है। तो वहीं सड़क पर बिखरे मुरूम मिट्टी की की वजह से बाइक सवार को फिसलन का डर बना हुआ है। तो दूसरी ओर धुल से लोगों का जीना हराम कर दिया है।

## 5 फरवरी को नगरीय निकाय, 18, 21 और 24 फरवरी को पंचायत के परिणाम घोषित होंगे

# नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के परिणाम एक साथ हों जारी, कांग्रेस की चुनाव आयोग से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर



राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। अब चुनाव की तारीखों और परिणाम की तारीखों को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने इन तारीखों को लेकर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि जब एक साथ आचार संहिता लग रही है, नामांकन दाखिल हो रहे हैं, तो चुनाव परिणाम अलग-अलग क्यों घोषित किए जाएंगे।

उन्होंने राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में राज्य निर्वाचन आयोग से मांग की है कि इससे पंचायत चुनाव प्रभावित होंगे। अलग-अलग चुनाव परिणाम का असर पंचायत चुनाव पर पड़ेगा। कांग्रेस ने मांग की है कि नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव का रिजल्ट एक साथ जारी किया जाए, इनके परिणाम एक ही दिन जारी किए जाएं। फरवरी में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव संपन्न हो रहे हैं। 15 फरवरी को नगरीय निकाय चुनाव परिणाम भी घोषित हो रहा है। वहीं 18, 21 और 24 फरवरी को पंचायत चुनाव परिणाम घोषित होंगे। जब प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर एक ही दिन आचार संहिता लग रही है. उसके बाद परिणाम 15 ,18, 21 और 24 फरवरी को घोषित होंगे। परिणाम की तारीख अलग अलग क्यों है, इसकी क्या वजह है। परिणाम का असर इससे जनता पर होगा और सरकार इसका दुरुपयोग करेगी। कांग्रेस ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर मांग कि है कि चुनाव परिणाम एक साथ 24 फरवरी को घोषित किया जाए।

### चुनाव से बोर्ड परीक्षा पर पड़ेगा असर

श्री बैज ने कहा, नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का असर बोर्ड परीक्षा पर पड़ेगा। चुनाव और परीक्षा एक साथ हो रही है, सरकार इसका आकलन नहीं कर रही है। 14 तारीख से बोर्ड परीक्षाएं परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। उस दौरान चुनाव भी होंगे और प्रचार किया जाएगा, इस दौरान लाउड स्पीकर बजाए जाएंगे। इसका असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ेगा। परीक्षार्थी और उनके अभिभावक इसे लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।

### चुनाव में कांग्रेस के पास मुद्दों की कमी नहीं

उन्होंने कहा, चुनाव में कांग्रेस के पास मुद्दों की कमी नहीं है। एक साल में ही भाजपा सरकार ने जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। खुलेआम सभी विभागों में ट्रांसफर और पोस्टिंग में भ्रष्टाचार हुआ है। किसानों को 3100 रुपए धान का समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ गई है। ऐसे कई मुद्दे हैं, जिनको लेकर वह इस चुनाव में जनता के बीच जाएंगे। हार का डर किसे सता रहा है, वह इस बात से पता चल गया कि दिसंबर का चुनाव अब कराया जा रहा है। ओबीसी वर्ग को अधिकारों से वंचित कर दिया गया है, जिसे लेकर इस वर्ग में सरकार के खिलाफ गुस्सा है। वह इस चुनाव में सरकार को सबक सिखाएगी।

# प्रबंध विकास कार्यक्रम की हुई शुरुआत, 24 तक विभिन्न विषयों पर मिलेगी जानकारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और एमएसएमई की संयुक्त पहल पर मंगलवार को राजधानी के चैंबर भवन में प्रबंध विकास पर आधारित कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस आयोजन में 24 जनवरी तक विभिन्न विषयों पर विषय विशेषज्ञ प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान करेंगे। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि चेंबर भवन में आयोजित बैठक में एम राजीव , अधीक्षक, केंद्रीय जीएसटी विभाग तथा अभिनव दास , प्रबंधक, एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर दुर्ग, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के संयोजक कांति पटेल ने बताया कि प्रबंध विकास पर आधारित प्रतिभागियों को एमएसएमई से संबंधित नवीन औद्योगिक इकाई लगाने के संबंध में तकनीकी जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप



### केन्द्रीय मंत्री गिरीराज को देवांगन बुनकर समाज ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** अखिल भारतीय देवांगन कोष्टा-कोष्टी समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश देवांगन समाज के संरक्षक महेश देवांगन के नेतृत्व में केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरीराज सिंह से देवांगन समाज, बुनकर समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने विभिन्न मांगों को लेकर नवा रायपुर, अटल नगर स्थित स्टेट गेस्ट हाऊस में भेंट-मुलाकात की। इस दौरान समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने ज्ञापन देकर केन्द्र शासन द्वारा सूती धागे पर दिये जा रहे 15 प्रतिशत अनुदान की तरह पॉलिस्टर धागे में भी अनुदान की मांग की है। वहीं हथकरघा वस्त्रों और हथकरघा वस्त्र उत्पादन में उपयोग में आने वाले कच्चा माल जैसे- धागे, हथकरघा उपकरण, हथकरघा उत्पादों को भी जीएसटी से मुक्त रखने की मांग रखी है।

### चौहान होंगे संयुक्त परिवहन आयुक्त

**रायपुर।** राज्य शासन ने कोरबा के एडिशनल एसपी यूबीएस चौहान का तबादला कर उन्हें गृह विभाग में प्रतिनियुक्ति पर भेजा है। सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर चौहान को इंद्रावती भवन, नया रायपुर अटल नगर स्थित परिवहन आयुक्त कार्यालय में संयुक्त परिवहन आयुक्त के पद पर पदस्थ किया है।

### नगरीय निकाय चुनाव नामांकन आज से

**रायपुर।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए अधिसूचना बुधवार को जारी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा सूचना जारी करने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। प्रदेश के 10 नगर निगम और 49 नगर पालिकाओं के लिए नामांकन प्रदेशभर में शुरू होगा। 22 से 28 जवनरी तक नामांकन के बाद 29 तारीख को नामांकन की जांच होगी। 31 जनवरी तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 11 फरवरी को मतदान और 15 फरवरी को मतगणना के बाद परिणाम जारी किए जाएंगे।

### शहर में 2 दिन मांस मटन विक्रय रहेगा प्रतिबंधित

**रायपुर।** नगर निगम क्षेत्र में इस माह दो दिन मांस -मटन का विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। नगरीय प्रशासन व विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार गणतंत्र दिवस दिनांक 26 जनवरी 2025 और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस दिनांक 30 जनवरी 2025 को मांस - मटन का विक्रय पूर्ण रूप से गणतंत्र दिवस के दिन 26 जनवरी और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर 30 तारीख को निगम क्षेत्र स्थित पशुवध गृह एवं सभी मांस - मटन विक्रय की दुकानें बंद रहेगी।

### जोन कार्यालय के विभागों का औचक निरीक्षण

**रायपुर।** जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने जोन कार्यालय के सभी विभागों का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शौचालय एवं आउटडोर में गन्दगी मिलने पर विभागीय अधिकारियों को सफाई करवाने निर्देश दिये। ईदगाहभाठा स्थित जोन कार्यालय के विभान्नि विभागों में कार्यालयीन अवधि के दौरान उन्होंने निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा की। नस्तियों का संधारण निर्धारित समय में दस्तावेजों का अवलोकन कर प्रकरणों का निराकरण किए जाने के निर्देश दिये।

### सीएस शुभम आईसीएसआई रायपुर के बने अध्यक्ष

**रायपुर।** द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेट्रीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद (डब्लूआईआरसी) के रायपुर चैप्टर के वर्ष - 2025 के लिए नई कार्यकारिणी समिति गठित की गई है जिसमें सीएस शुभम कांकानी को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। चैप्टर के अन्य नवनिर्वाचित पदाधिकारी में सीएस वैभव मोहदीवाले उपाध्यक्ष, सीएस प्रिंस पाण्डेय सचिव, सीएस लाची मित्तल कोषाध्यक्ष, सीएस शरद कांकानी, सीएस तनवीर टुटेजा एवं सीएस रिया थोरानी कार्यकारिणी में शामिल किए गए हैं।



# महापौर प्रत्याशियों का फैसला 24 को करेगी भाजपा चुनाव समिति, आएंगे नितिन नवीन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों को लेकर प्रदेश भाजपा संगठन ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। नगर निगम के महापौर, पालिकाओं के अध्यक्ष, नगर पंचायतों के अध्यक्ष और पार्षदों के लिए उम्मीदवारों का चयन 25 जनवरी तक पूरा करके इनका ऐलान भी कर दिया जाएगा। प्रदेश के दस नगर निगमों के लिए महापौर प्रत्याशियों का चयन प्रदेश चुनाव समिति 24 जनवरी को करेगी। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन बैठक लेने आएंगे। जहां तक पालिका अध्यक्ष प्रत्याशियों का सवाल है तो इनका चयन संभागीय समिति, प्रदेश समिति के अनुमोदन के बाद करेगी। पार्षद प्रत्याशियों का चयन संभागीय समिति करेगी। प्रदेश में पहली बार नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ हो रहे हैं। पहले नगरीय निकाय चुनाव होंगे, इसके बाद पंचायत चुनाव होंगे। नगरीय निकायों के लिए मतदान 11 फरवरी को होगा। इसके लिए नामांकन 22 जनवरी से भरे जाने हैं। 28 जनवरी को नामांकन का अंतिम दिन है। भाजपा ने पहले ही तय कर लिया था कि प्रत्याशियों का चयन 25 जनवरी तक करना है। इसको लेकर पहले से ही तैयारी चल रही है। अब चुनाव के ऐलान के बाद प्रत्याशियों के चयन की कवायद और तेज कर दी गई है।

**नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा संगठन में प्रत्याशियों के चयन की कवायद अब तेज**



### महापौर-अध्यक्ष प्रत्याशी ऐसे होंगे तय

नगर निगमों के लिए महापौर प्रत्याशियों के चयन के लिए जिलों से नाम संभागीय समिति के पास आएंगे, इसके बाद संभागीय समिति से यह नामों पैनल प्रदेश चयन समिति के पास पहुंचेगा। प्रदेश चयन समिति की बैठक में सभी नगर निगमों के पैनलों पर मंथन के बाद नामों को प्रदेश चुनाव समिति के सामने रखा जाएगा। चुनाव समिति ही अंतिम प्रत्याशी का फैसला करेगी और इसके बाद प्रदेश चयन समिति नामों का ऐलान करेगी। इसी तरह से नगर पालिकाओं के अध्यक्ष प्रत्याशियों के लिए जिलों से संभागीय समिति के पास पैनल आएगा। इस पर संभागीय समिति फैसला करेगी, लेकिन इसके लिए संभागीय समिति को प्रदेश समिति का अनुमोदन लेना पड़ेगा। अनुमोदन लेने के बाद संभागीय समिति पालिका के अध्यक्ष प्रत्याशियों का ऐलान करेगी। यह ऐलान भी 25 जनवरी तक कर दिया जाएगा। नगर पंचायतों के अध्यक्ष प्रत्याशियों पर फैसला संभागीय समिति करेगी और जिलों में इसका ऐलान होगा। पार्षद प्रत्याशियों पर फैसला संभागीय समिति करेगी और इसका ऐलान जिला समितियां करेंगी।

**डिप्टी सीएम बोले- भाजपा करेगी जनता के सपनों को पूरा**

# साव बोले- कांग्रेस ने निकायों की दुर्दशा की, हमने बिना भेदभाव के संवारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, छत्तीसगढ़ में होने जा रहे नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव मूलतः उस विश्वास को जनादेश में बदलने के लिए हैं, जो विश्वास हमने अपने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में हासिल किया है। हमने पिछले महीने ही जनादेश परब में विश्वास का एक वर्ष पूर्ण किया है। श्री साव ने कहा कि हमने नगरीय निकाय और पंचायत दोनों का आमचुनाव एक साथ कराने का निर्णय लिया है। ऐसा कर हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वन नेशन वन इलेक्शन की ओर एक निर्णायक कदम बढ़ा चुके हैं। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार में निकायों की भारी दुर्दशा रही है। हमारी सरकार बनने के बाद हमने बिना किसी भेदभाव के निकायों को बजट देकर संवारने का काम किया है। निकायों में कांग्रेस के महापौर और अध्यक्ष रहने के बाद भी निकायों को पैसे दिए गए। हम अपने कामों को लेकर ही जनता के बीच जाएंगे।

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री साव ने कहा, इस वर्ष को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है। निस्संदेह अटल निर्माण वर्ष में हमारी सरकार अधोसंरचना के क्षेत्र में अधिकाधिक कार्य करेगी और इसका सबसे बड़ा लाभ हमारे नगरीय निकायों को मिलेगा। श्री साव ने कहा, भाजपा ने अपने मंत्र हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे के साथ राज्य में विकास का नया अध्याय लिखा है। केंद्र और राज्य, दोनों में भाजपा सरकार ने जो अद्भुत कार्य किए हैं, वह जनता के सामने हैं। हमने बीते एक साल में जो वादे किए, उन्हें पूरा कर यह साबित किया है कि भाजपा केवल बोलती नहीं, बल्कि करके दिखाती है। अब हम इस मंत्र को लेकर नगर पालिका, नगर निगम और जिला परिषद स्तर तक पहुंच रहे हैं, ताकि हर शहर, हर वार्ड, और हर गली, यहां तक कि हर घर में विकास की यह गूंज सुनाई दे। श्री साव ने कहा कि हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ के हर नागरिक को स्वच्छ, सुंदर, और समृद्ध जीवन प्रदान करना है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन के विपरीत, भाजपा हर स्तर पर पारदर्शी और जवाबदेह शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### कांग्रेस ने केंद्र सरकार की योजनाओं को भी रोका

श्री साव ने कहा, केंद्रीय योजनाओं में भी सस्ती राजनीति के कारण लगातार कांग्रेस ने अवरोध पैदा किया। कांग्रेसी महापौरों ने केंद्रीय योजनाओं जैसे पीएम आवास, हर घर जल, और स्वच्छ भारत अभियान को अवरुद्ध किया, ताकि भाजपा सरकार के विकास प्रयासों को विफल किया जा सके। इसने राज्य के विकास को धीमा किया और नागरिकों को आवश्यक मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा। भाजपा सरकार अब इन योजनाओं को तेजी से लागू कर रही है।

### कांग्रेस ने बिगाड़ा, हमने संवारा

श्री साव ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा, कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता को हमेशा निराश किया है। 2018 के विधानसभा चुनाव और 2019 के शहरी निकाय चुनाव में जीत हासिल करने के बाद, कांग्रेस ने जनहित के वादों को पूरा करने के विपरीत भ्रष्टाचार और कुशासन का नया अध्याय लिखा। कांग्रेस के शासनकाल में विकास के कार्य ठप कर दिए गए। श्री साव ने कहा, छत्तीसगढ़ में पिछले पांच वर्ष में शहरी क्षेत्रों में भी कांग्रेस का कब्जा था, और कांग्रेस के कार्यकाल में शहरों की हुई दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। खराब सीवेज व्यवस्था के कारण शहर गंदगी और जलभराव का शिकार हो गए हैं। मुहल्लों में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां फैल रही थी। विकास के कार्य ठप पड़े हुए थे, हमने पिछले 13 महीनों में 7,300 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर शहरों के विकास में जान फूंकी है। मिशन अमृत अंतर्गत पांच शहरों में 865 करोड़ की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्वीकृत किए गए है। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत अनुपचारित जल प्रबंधन हेतु एक लाख से कम जनसंख्या वाले 160 शहरों में 830 करोड़ की लागत से लगभग 200 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना और 1000 किमी से अधिक सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी।

**महिला कांग्रेस ने खोला मोर्चा**

# कहा- नेताओं की पत्नी को प्रत्याशी बनाने का होगा विरोध

प्रत्याशी चयन की प्रकिया शुरू होने के बाद सक्रिय हुईं दावेदार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राज्य में नगरीय निकाय चुनाव का कार्यक्रम घोषित होने के बाद कांग्रेस में महिला कांग्रेस की कई नेत्रियों ने महापौर पद के लिए दावेदारी की है। महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों के साथ कांग्रेस नेताओं की पत्नियां भी दावेदारी कर रही हैं। महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों ने मंगलवार को बैठक कर कहा कि नेताओं की पत्नियों को प्रत्याशी बनाने का विरोध किया जाएगा। महिला कांग्रेस की सक्रिय नेताओं में से किसी एक को टिकट देने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि महापौर पद के लिए कांग्रेस के नेता जो महापौर पद के लिए दावेदारी कर रहे थे, आरक्षण समान्य महिला होने से उनकी दावेदारी खत्म हो गई, तो इनमें से कई नेताओं ने अपनी पत्नियों का नाम आगे कर दिया। टिकट के लिए दावेदारी करने कांग्रेस के बड़े नेताओं से मुलाकात भी कर रहे हैं। इन नेताओं में प्रमोद दुबे की पत्नी दीप्ति दुबे, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा की पत्नी परमजीत कौर, पूर्व विधायक प्रत्याशी कन्हैया अग्रवाल की पत्नी मीनाक्षी अग्रवाल, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय की पत्नी संजना उपाध्याय के नाम दावेदारों में लिए जा रहे हैं।

### बड़े नेताओं से मिलकर रखेंगे मांग

महिला कांग्रेस की दावेदारों ने बैठक कर विरोध किए जाने के निर्णय से बड़े नेताओं को अवगत करा दिया है। उनका कहना है कि चुनाव समिति के सदस्यों से भी मिलकर इसका विरोध किया जाएगा। महिला पदाधिकारी जो दावेदारी की रही है उनमें अर्पणा संचेती, पल्लवी सिंह, नीतू तिवारी, प्रीति उपाध्याय शुक्ला, वंदना राजपूत, कविता ग्वालानी, निशा यादव, प्रगति बाजपेयी ने दावेदारी की है। बैठक में यह तय किया कि प्रदेश महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों को मौका दिया जाना चाहिए। पार्टी के नेताओं औश्र चुनाव समिति के सदस्यों से भी इस संबंध में अलग से मुलाकात कर इसकी मांग रखी जाएगी।

# निकाय चुनावों के लिए भाजपा की घोषणा पत्र समिति की कमान अमर अग्रवाल को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा का घोषणापत्र तैयार करने के लिए मंगलवार को पार्टी की घोषणा पत्र समिति का ऐलान किया गया। भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा ने बताया, वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल समिति के संयोजक और विधायक सुनील सोनी सह संयोजक बनाए गए हैं। पुन्नूलाल मोहले, अजय चंद्राकर, राजेश मूणत, प्रेमप्रकाश पाण्डेय, चन्द्रशेखर साहू, मोतीलाल साहू, प्रबोध मिंज, नीलकंठ टेकाम, रिकेश सेन, राजेश अग्रवाल, मधुसूदन यादव, संजय श्रीवास्तव, अनुराग सिंह देव, पंकज झा, राकेश पाण्डेय, दीपक म्हस्के,श्रीमती सफिरा साहू, अंबिका यदु, शशांक शर्मा, उज्ज्वल दीपक और हेमंत पाणिग्राही घोषणा पत्र समिति के सदस्य बनाए गए हैं।

### कंटेंट टीम के पंकज संयोजक

भाजपा ने नैरेटिव एवं कंटेंट टीम की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा इस टीम के संयोजक बनाए गए हैं। टीम में प्रदेश प्रवक्ता दीपक म्हस्के, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, शशांक शर्मा, सोमेश पाण्डेय सदस्य होंगे। नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी भूपेंद्र सिंह सवन्नी एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव प्रभारी सौरभ सिंह टीम के पदेन सदस्य होंगे।

# पहली बार मुख्यमंत्री बस्तर की जगह सरगुजा में फहराएंगे झंडा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस बार गणतंत्र दिवस पर बस्तर में झंडा नहीं फहराएंगे। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद से यह परंपरा रही कि मुख्यमंत्री बस्तर में ही झंडा फहराते थे। मुख्यमंत्री इस बार सरगुजा जिले में झंडा फहराएंगे। वहीं बस्तर में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा बस्तर में झंडा फहराएंगे।

समान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी परिपत्र में गणतंत्र दिवस पर झंडा तोलन का जिला वार अतिथियों के नाम जारी किए गए। कोरबा में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, रायगढ़ में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, दुर्ग में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सूरजपुर में मंत्री रामविचार नेताम, महासमुंद में मंत्री दयालदास बघेल, दंतेवाड़ा में मंत्री केदार कश्यप, जशपुर में मंत्री लखनलाल देवांगन, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, बिलासुपर में मंत्री ओपी चौधरी, राजनांदगांव में मंत्री टंकराम वर्मा, बलरामपुर में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, धमतरी में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कबीरधाम में सांसद विजय बघेल, गरियाबंद सांसद संतोष पांडेय, बलौदाबाजार में सांसद रूप कुमारी चौधरी, जांजगीर-चांपा सांसद राधेश्याम राठिया, खैरागढ़-छईखदान-गंडई में सांसद कमलेश जांगड़े, कांकेर में सांसद महेश कश्यप, सुकमा में सांसद भोजराज नाग, कोंडागांव में सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, नारायणपुर में विधायक लता उसेंड़ी, बेमेतरा में विधायक गुरू खुशवंत साहेब, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भ्झरतपुर में विधायक गोमती साय, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में प्रणय कुमार सथपथी, बालोद विधायक ललित चंद्राकर, सक्ती में विधायक पुन्नू लाल मोहिले, मुंगेली में विधायक अमर अग्रवाल, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में विधायक अजय चंद्राकर और बीजापुर में विधायक किरणदेव झंडारोहण करेंगे।

# भाजपा ने निकाय चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी मंत्रियों को, रायपुर का जिम्मा रामविचार को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए नगर निगमों के लिए प्रभारी तय किए हैं। इनमें एक-एक निगम का जिम्मा मंत्रियों को भी सौंपा गया है। साथ ही संगठन के प्रभारी और संयोजक और सहसंयोजक भी बनाए गए हैं। रायपुर का जिम्मा प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम को सौंपा गया। यहां पर संगठन के प्रभारी के रूप में संदीप शर्मा, संयोजक जयंती पटेल और सहसंयोजक छगन मुंदड़ा बनाए गए हैं।

नगरीय निकाय चुनाव में दस नगर निगमों के भी चुनाव हो रहे हैं। प्रदेश भाजपा संगठन ने इसके पहले नगर पालिकाओं और पंचायत चुनाव के लिए तो पहले ही प्रभारी नियुक्ति कर दिए थे, लेकिन अब चुनाव का ऐलान होने के बाद सबसे अहम नगर निगमों के लिए भी प्रभारी तय किए हैं। इसमें सबसे अहम यह है कि इसमें तीन स्तर पर जिम्मा दिया गया है। भाजपा ने इसके लिए पूरी ताकत झोंकी है।



### कहां का जिम्मा किनको

बिलासपुर के लिए प्रभारी मंत्री डिप्टी सीएम अरुण साव, संगठन प्रभारी गौरीशंकर अग्रवाल, संयोजक धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, दुर्ग के प्रभारी मंत्री डिप्टी सीएम विजय शर्मा, संगठन प्रभारी सांसद संतोष पांडेय, सह प्रभारी लाभचंद बाफना, राजीव अग्रवाल, संयोजक, जितेंद्र वर्मा, सह संयोजक कांतीलाल बोथरा, कोरबा के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन, संगठन प्रभारी रजनीश सिंह, संयोजक, अशोक चावलानी, डा. राजीव सिंह, अंबिकापुर की प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, संगठन प्रभारी कृष्ण कुमार राय, भीमसेन अग्रवाल, संयोजक अखिलेश सोनी, सह संयोजक ललन प्रताप सिंह, चिरमिरी के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, संगठन प्रभारी नारायण सिंह चंदेल, संयोजक, डमरूधर बेहरा, धमतरी के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, संगठन प्रभारी शिवरतन शर्मा, संयोजक रंजना साहू, राजनांदगांव के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, संगठन प्रभारी संजय श्रीवास्तव, संयोजक अभिषेक सिंह, सहसंयोजक रमेश पटेल, जगदलपुर के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, संगठन प्रभारी ललित चंद्राकर, संयोजक रूप सिंह मंडावी, रायगढ़ के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी, संगठन प्रभारी अनुराग सिंहदेव, संयोजक उमेश अग्रवाल, सहसंयोजक, सुभाष पांडे बनाए गए हैं।

**5 फरवरी को नगरीय निकाय, 18, 21 और 24 फरवरी को पंचायत के परिणाम घोषित होंगे**

# नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के परिणाम एक साथ हों जारी, कांग्रेस की चुनाव आयोग से मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। अब चुनाव की तारीखों और परिणाम की तारीखों को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने इन तारीखों को लेकर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि जब एक साथ आचार संहिता लग रही है, नामांकन दाखिल हो रहे हैं, तो चुनाव परिणाम अलग-अलग क्यों घोषित किए जाएंगे।

उन्होंने राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में राज्य निर्वाचन आयोग से मांग की है कि इससे पंचायत चुनाव प्रभावित होंगे। अलग-अलग चुनाव परिणाम का असर पंचायत चुनाव पर पड़ेगा। कांग्रेस ने मांग की है कि नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव का रिजल्ट एक साथ जारी किया जाए, इनके परिणाम एक ही दिन जारी किए जाएं। फरवरी में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव संपन्न हो रहे हैं। 15 फरवरी को नगरीय निकाय चुनाव परिणाम भी घोषित हो रहा है। वहीं 18, 21 और 24 फरवरी को पंचायत चुनाव परिणाम घोषित होंगे। जब प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर एक ही दिन आचार संहिता लग रही है. उसके बाद परिणाम 15 ,18, 21 और 24 फरवरी को घोषित होंगे। परिणाम की तारीख अलग अलग क्यों है, इसकी क्या वजह है। परिणाम का असर इससे जनता पर होगा और सरकार इसका दुरुपयोग करेगी। कांग्रेस ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर मांग कि है कि चुनाव परिणाम एक साथ 24 फरवरी को घोषित किया जाए।




### चुनाव से बोर्ड परीक्षा पर पड़ेगा असर

श्री बैज ने कहा, नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का असर बोर्ड परीक्षा पर पड़ेगा। चुनाव और परीक्षा एक साथ हो रही है, सरकार इसका आकलन नहीं कर रही है। 14 तारीख से बोर्ड परीक्षाएं परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। उस दौरान चुनाव भी होंगे और प्रचार किया जाएगा, इस दौरान लाउड स्पीकर बजाए जाएंगे। इसका असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ेगा। परीक्षार्थी और उनके अभिभावक इसे लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।

### चुनाव में कांग्रेस के पास मुद्दों की कमी नहीं

उन्होंने कहा, चुनाव में कांग्रेस के पास मुद्दों की कमी नहीं है। एक साल में ही भाजपा सरकार ने जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। खुलेआम सभी विभागों में ट्रांसफर और पोस्टिंग में भ्रष्टाचार हुआ है। किसानों को 3100 रुपए धान का समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ गई है। ऐसे कई मुद्दे हैं, जिनको लेकर वह इस चुनाव में जनता के बीच जाएंगे। हार का डर किसे सता रहा है, वह इस बात से पता चल गया कि दिसंबर का चुनाव अब कराया जा रहा है। ओबीसी वर्ग को अधिकारों से वंचित कर दिया गया है, जिसे लेकर इस वर्ग में सरकार के खिलाफ गुस्सा है। वह इस चुनाव में सरकार को सबक सिखाएगी।

### प्रबंध विकास कार्यक्रम की हुई शुरुआत, 24 तक विभिन्न विषयों पर मिलेगी जानकारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और एमएसएमई की संयुक्त पहल पर मंगलवार को राजधानी के चैंबर भवन में प्रबंध विकास पर आधारित कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस आयोजन में 24 जनवरी तक विभिन्न विषयों पर विषय विशेषज्ञ प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान करेंगे। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि चेंबर भवन में आयोजित बैठक में एम राजीव , अधीक्षक, केंद्रीय जीएसटी विभाग तथा अभिनव दास , प्रबंधक, एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर दुर्ग, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के संयोजक कांति पटेल ने बताया कि प्रबंध विकास पर आधारित प्रतिभागियों को एमएसएमई से संबंधित नवीन औद्योगिक इकाई लगाने के संबंध में तकनीकी जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप



### निर्माण कार्य के लिए किया भूमिपूजन, आदर्श विवाह 3 से

**रायपुर।** छग हरदिहा साहू समाज परिक्षेत्र रायपुर के ग्राम कांदुल में बाउंड्रीवाल और शेड निर्माण के लिए सोमवार को ग्रामवासियों के साथ भूमिपूजन किया। इस अवसर पर आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम 3 से 7 फरवरी को होने वाली है, उसका भी भूमिपूजन का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष विनय साहू ने बताया कि हरदिहा साहू समाज के परिक्षेत्र रायपुर द्वारा शासन द्वारा प्रदत 5 एकड़ भूमि ग्राम कांदुल में मुख्यमंत्री द्वारा 4 मार्च 2024 को इस सामाजिक भूमि पर आदर्श सामूहिक विवाह के अवसर पर बाउंड्रीवाल के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की थी। इस कार्य के लिए समाज द्वारा सोमवार को भूमिपूजन का कार्यक्रम एवं क्षेत्रीय विधायक मोतीलाल साहू रायपुर ग्रामीण विधानसभा द्वारा शेड निर्माण के लिए 38.80 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। उसका भी भूमिपूजन रायपुर ग्रामीण के पूर्व विधायक नंदकुमार साहू एवं छग हरदिहा साहू समाज के संरक्षक द्वारा भूमिपूजन किया गया है। भूमिपूजन के अवसर पर गज्जू साहू, तीरथराम साहू, राजकुमार साहू, चिंताराम साहू, रामबगस साहू, डॉ. नरेंद्र साहू, पूर्व सरपंच जितेंद्र धुरंधर व कांदुल गांव के सरपंच असवन लहरे व उपसरपंच शिवराम धनगर, अन्य साहू समाज के 150 सदस्यों की उपस्थिति रही है।

### फार्मेसी काउंसिल अध्यक्ष को हाईकोर्ट से नोटिस

**रायपुर।** न्यायालय की अवमानना करते हुए स्टेट फार्मेसी काउंसिल की विशेष बैठक करने के मामले में अध्यक्ष अरुण मिश्रा को हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। फार्मेसी काउंसिल से नियम विरुद्ध सदस्यता समाप्त करने के मामले में डा. राकेश गुप्ता ने उच्च न्यायालय में अपील दायर की थी। न्यायालय ने अपील स्वीकारते हुए फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार अश्वनी गुर्देकर एवं अध्यक्ष अरुण मिश्रा के आदेश को गलत बताते हुए 6 दिसंबर को निरस्त कर डा. गुप्ता की सदस्यता बहाल कर दी थी। उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए 3 जनवरी को फार्मेसी काउंसिल की विशेष बैठक का आयोजन किया गया । जिसके खिलाफ डॉ. राकेश गुप्ता ने अपने अधिवक्ता संदीप दुबे के द्वारा उच्च न्यायालय में केस दायर किया।

## निधन

### गोवर्धन प्रसाद दुबे

**रायपुर।** मनुआस रियल्टी के पीछे अग्रोहा सोसाइटी निवासी पूर्व प्राचार्य



गोवर्धन प्रसाद दुबे (95 ) का 21 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 जनवरी को सुबह 11 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे दीपक एवं आलोक दुबे के पिता थे।

### ममता मिश्रा

**रायपुर।** प्रीति विहार कॉलोनी अम्लेश्वर निवासी ममता मिश्रा का 21 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे कुणाल दत्त मिश्रा और मयंक मिश्रा की माता थीं।

# पहली बार दो शिफ्ट में लगीं कक्षाएं, अब साइंस कॉलेज में नया भवन, ताकि मिले अतिरिक्त विकल्प


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइंस कॉलेज में 6 कक्षाओं के नवीन भवन का निर्माण किया जाएगा। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है तथा राशि भी स्वीकृत हो चुकी है। स्वीकार की गई राशि पीडब्ल्यूडी को प्रेषित कर दी गई है। उसके द्वारा ही इस भवन का निर्माण किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद पहली बार साइंस कॉलेज को दो शिफ्ट में अपनी कक्षाएं संचालित करनी पड़ी थीं। ऐसा इसलिए क्योंकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों को अतिरिक्त विकल्प प्रदान किए जाने हैं। साइंस कॉलेज द्वारा बीएससी के विद्यार्थियों को कला संकाय के कुछ विषय विकल्प के रूप में उपलब्ध कराए गए हैं। चूंकि अतिरिक्त विकल्प प्रदान किए जाने के कारण अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करनी पड़ रही हैं, इसलिए कक्ष की कमी का सामना महाविद्यालय प्रबंधन कर रहा था। इसके चलते दो पालियों में कक्षाएं लगाते हुए पहली शिफ्ट सुबह 8 बजे से 3 बजे तक तथा द्वितीय शिफ्ट की कक्षाएं सुबह 10.30 बजे से दोपहर 5.30 बजे तक लगाई जा रही है। नवीन भवन का निर्माण होने के पश्चात कक्षाएं पूर्व की भांति एक ही शिफ्ट में संचालित होंगी। हालांकि निर्माण कार्य अभी शुरुआती दौर में है। ऐसे में नवीन भवन का लाभ वर्ष अंत तक ही मिल पाएगा।

## 6 अतिरिक्त कक्षाओं का किया जा रहा निर्माण, पीडब्ल्यूडी तैयार करेगा कक्षाएं

### लगाए जाएंगे स्मार्ट प्रोजेक्टर

जिन नवीन भवनों का निर्माण किया जा रहा है, उसे पुराने भवन की ही तर्ज पर बनाया जाएगा ताकि एकरूपता बरकरार रहे। नवीन कक्षों को स्मार्ट कक्ष का रूप दिया जाएगा। स्मार्ट प्रोजेक्टर सभी कक्षाओं में इंस्टॉल किए जाएंगे ताकि यू-ट्यूब के माध्यम से अथवा अन्य किसी तरह के वीडियो के जरिए छात्रों को आसानी से अध्यापन कराया जा सके। वर्तमान में भी सभी विभागों के पास अपने प्रोजेक्टर हैं, जिनका इस्तेमाल वे समय-समय पर छात्रों को नई चीजें सीखाने के लिए करते हैं, लेकिन नई कक्षाओं में स्थायी रूप से इसकी व्यवस्था की जाएगी। महाविद्यालय परिसर के पीछे रिक्त भूमि में ही यह निर्माण कार्य हो रहा है।



वर्तमान में प्रथम शिफ्ट 8 बजे से द्वितीय 10.30 से

### राधाबाई कन्या महाविद्यालय में 50 सीटर हॉस्टल

साइंस कॉलेज के अलावा जिन कॉलेजों में नवीन निर्माण हो रहे हैं, उसमें नवीन राधाबाई कन्या महाविद्यालय शामिल है। यहां 50 सीटर गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण किया जा रहा है। महाविद्यालय कैंपस में ही इस हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए भी मंजूरी सहित अन्य प्रक्रियाएं पूर्ण हो चुकी हैं। अब तक यहां छात्रावास की सुविधा नहीं थी। अब यहां पढ़ने वाली छात्राओं को 50 सीटर छात्रावास की सुविधा मिल सकेगी। प्रवेश मेरिट बेस पर दिया जाएगा।

### बढ़ाने पड़े सेक्शन

एनईपी के अंतर्गत विषय बढ़ाने के चलते हमें सेक्शन भी बढ़ाने पड़े हैं। आवश्यकता को देखते हुए 6 नवीन कक्ष का निर्माण किया जा रहा है।

- डॉ.अमिताभ बैनर्जी, प्राचार्य, साइंस कॉलेज

### अब तक छात्रावास की सुविधा नहीं

महाविद्यालय में अब तक छात्राओं के लिए हॉस्टल की सुविधा नहीं थी, लेकिन अब हम निर्माण करने जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को इससे सुविधा होगी।

- डॉ.प्रीति मिश्रा, प्राचार्य, राधाबाई महाविद्यालय

## नगर निगम के सामने हर साल सरकार के सामने हाथ फैलाने की नौबत

# सफाई ठेके का हर साल 26 करोड़ भुगतान यूजर से 18 करोड़ वसूली, 8 करोड़ नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के सफाई ठेके के एवज में नगर निगम हर साल ठेका एजेंसी रामकी को 26 करोड़ रुपए भुगतान करता है, इसकी भरपाई के लिए जहां शहर के आवासीय एवं वाणिज्यिक प्रयोजन वाले संस्थानों से यूजर चार्ज के रूप में हर साल करीब 18 करोड़ रुपए की वसूली हो रही है, वहीं 8 करोड़ का अंतर अभी भी बना हुआ है। इस गेप को पूरा करने निगम प्रशासन को हर साल राज्य सरकार के सामने हाथ फैलाने की नौबत आ रही है। प्रदेश के सबसे बड़े नगरीय निकाय में शुमार रायपुर नगर निगम अब तक अपने आवश्यक खर्चों को लेकर वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर नहीं बन पाया है। इसके चलते उसे हर साल सरकार के सामने अपने जरूरी खर्चों की भरपाई के लिए हाथ फैलाने की नौबत आती है। चाहे फिल्टर प्लांट का भारी भरकम बिजली बिल हो, या खारुन नदी में नालों का गंदा पानी साफ करने स्थापित 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का बिजली बिल। निगम मुख्यालय से लेकर जोन दफ्तर, सामुदायिक भवन, मल्टीलेवल पार्किंग सहित अन्य परिसरों का बिजली बिल का भुगतान इसमें शामिल है। यही वजह है पानी, सफाई, कर्मचारियों, अधिकारियों के वेतन के लिए नगर निगम को हर साल सरकार के सामने हाथ फैलाने की नौबत आती है।


- आत्मनिर्भर नहीं बन पाया प्रदेश का सबसे बड़ा नगर निगम



### कई साल से ऐसी ही स्थिति

इसी तरह शहर के 70 वार्डों की सफाई से लेकर कचरा परिवहन, निष्पादन के कार्य कर रही ठेका कंपनी के कार्य का बिल भुगतान करने निगम अब तक पर्याप्त फंड नहीं जुटा पाया। यह स्थिति कई साल से बनी हुई है। इस ओर शहरी सरकार और निगम प्रशासन कोई ठोस कदम अब तक नहीं उठा पाया है।

# रोहणीपुरम तालाब के पास उद्यान का बदला स्वरूप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम उद्यानिकी विभाग ने जोन 5 क्षेत्र स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के रोहणीपुरम तालाब से लगे उद्यान को सुव्यवस्थित कर नया स्वरूप दिया है। आम जनता की सुविधा के लिए गार्डन में लगाये गये चेयर को सुधारकर व्यवस्थित किया गया है। इसके साथ ही अव्यवस्थित पाथवे की मरम्मत कराकर पेंटिंग कराई गई है। रोहणीपुरम तालाब के पास स्थित गार्डन में प्रतिदिन सुबह-शाम आसपास के रहवासी मार्निंग और इवनिंग वॉक करने आते हैं, पर एक अरसे गार्डन में लगाये गये पेड़ पौधों की देखरेख सही तरीके से नहीं होने पौधे सूखने लगे थे। यही नहीं, उद्यान परिसर में लगाई गई कई लाइटें बंद पड़ी थीं। इसके कारण सांझ ढलते ही अंधेरा होने से लोगों को वहां आने-जाने में परेशानी हो रही थी। जन शिकायत के बाद नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर उद्यानिकी व पर्यावरण विभाग की टीम ने गार्डन की देखरेख पर ध्यान देते हुए बंद पड़ी लाइटों को सुधरवाने में तत्परता दिखाई। गार्डन की सुंदरता बढ़ाने चारों ओर सुंदर वाल पेंटिंग कराई गई है।

- अव्यवस्थित पाथवे की मरम्मत
- गार्डन चेयर को किया व्यवस्थित

# शेयर मार्केट में लाभ दिलाने के नाम पर साढ़े 8 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में शेयर मार्केट में निवेश कराकर लाभ दिलाने के नाम पर ठगी करने का एक और मामला सामने आया है। ठग ने निवेश राशि पर हर महीने 10 प्रतिशत का लाभ दिलाने का झांसा देकर उससे 8 लाख 50 हजार रुपए अपने बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए, लेकिन राशि लेने के बाद न ही मुनाफा कराया और न ही निवेश की गई राशि लौटाई। इस घटना की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज कराई गई है। छत्तीसगढ़ नगर रायपुर निवासी जितेंद्र कुमार साहू ने दर्ज कराई रिपोर्ट में पुलिस को बताया है कि सौरभ शर्मा नामक व्यक्ति से शेयर मार्केट में निवेश करने पर लाभ होने की जानकारी मिली थी। सौरभ ने बताया था कि उसके बताए शेयर मार्केट में अगर वह पैसा निवेश करेगा, तो हर महीने उसे 10 प्रतिशत का लाभ मिलेगा। सौरभ की बात सुनने के बाद जितेंद्र उसके झांसे में आ गया। इसके बाद उसने सौरभ द्वारा बताए एसबीआई सहित विभिन्न बैंक के खातों में अलग-अलग तारीख में 8 लाख 50 हजार रुपए की राशि ट्रांसफर कर दी। यह राशि 21 मई 2024 से लेकर 23 मई 2024 तक की है। राशि ट्रांसफर होने के एक माह बाद जब जितेंद्र ने अपने लाभांश के पैसे की मांग की, तो सौरभ शर्मा ने उनका फोन बंद कर दिया और उनसे संपर्क करना बंद कर दिया। इससे जितेंद्र को यह यकीन हो गया कि उसके साथ ठगी हुई है, जिसके बाद उन्होंने इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# कांग्रेस ने गठित की चयन समिति पीसीसी को देगी दावेदारों के नाम

## कल तक पीसीसी को देने होंगे बंद लिफाफे में नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा के साथ कांग्रेस की तैयारी तेज हो गई है। नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत क्षेत्र के लिए कांग्रेस ने जिला स्तरीय चयन समिति का गठन किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने पार्टी के जिला और शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को पत्र जारी किया है।

समिति में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को संयोजक, जिला प्रभारी प्रदेश पदाधिकारी को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। इनके साथ समिति में सांसद, पूर्व सांसद, क्षेत्रीय विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, पूर्व प्रत्याशी को बतौर सदस्य शामिल किया गया है। समिति द्वारा दिए गए नामों पर प्रदेश चुनाव समिति द्वारा विचार के बाद 25 जनवरी तक सभी नगरीय निकायों के लिए प्रत्याशी तय करने के प्रयास होंगे।

- 25 तक प्रत्याशियों की सूची हो सकती है जारी

### नाम तय कर बंद देंगे

जिला कांग्रेस कमेटी को पर्यवेक्षक और प्रभारी नामों का पैनल देंगे। पैनल में से एक नाम समिति नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में आपसी समन्वय और सहमति से जीतने योग्य दावेदारों की सूची 23 जनवरी तक सीलबंद लिफाफे में प्रदेश कांग्रेस कमेटी में जमा करेगी।

### पर्यवेक्षकों को जल्द नाम देने कहा गया

*चुनाव की घोषणा के बाद नगरीय निकायों के लिए 22 से 28 जनवरी तक नामांकन भरा जाएगा। ऐसे में बहुत कम समय प्रत्याशी चयन के लिए बचा है। पीसीसी ने सभी पर्यवेक्षकों से अपने-अपने क्षेत्र में जल्द बैठक लेकर चुनपाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के नामों के पैनल में से एक नाम ब्लॉक और जिला कांग्रेस कमेटी को दे। पैनल में से एक नाम पीसीसी को भेजा जाएगा। जहां पर सहमति नहीं बन पा रही है, वहां एक से अधिक नाम भेजे जा सकते हैं।*

## पेज 9 के शेष

### ठंड में खून हो...

वजह से विभिन्न सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया है। इनमें जिन मरीजों को सही समय पर उपचार मिला, उनकी जान तो बच गई, मगर कुछ के इलाज में देर हो गई।

### हेयर स्टाइल पर...

मोहल्ले आंबेडकर चौक क्षेत्र का रहने वाला है। एक ही स्कूल में पढ़ने के कारण दोनों के बीच दोस्ती हो गई थी। यह दोस्ती सौरभ के स्कूल छोड़ने के बाद भी बनी रही, लेकिन हेयर स्टाइल के कमेंट के कारण दोनों की दोस्ती दुश्मनी में बदल गई।

### 14 फरवरी तक अपलोड...

छात्रों के आंतरिक ग्रेड अपलोड करने के लिए पोर्टल 15 जनवरी से 14 फरवरी तक सक्रिय रहेगा। नोटिस में कहा गया है, प्रैक्टिकल तथा आंतरिक मूल्यांकन अथवा प्रोजेक्ट के अंक अपलोड करते समय, यह सुनिश्चित करना स्कूल की जिम्मेदारी होगी कि अपलोड किए गए अंक सही हैं। सर्वर पर अपलोड होने के बाद अंक अंतिम होंगे और उसके बाद कोई सुधार नहीं किया जाएगा।

**एक जनवरी से प्रारंभ हुई हैं परीक्षाएं:** सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं की प्रायोगिक परीक्षाएं एक जनवरी से प्रारंभ की थी। परीक्षाएं 1 जनवरी से 14 फरवरी के बीच निर्धारित समय सीमा तक आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई ने स्कूलों को पहले से ही हिदायत दी थी कि यदि स्कूल सीबीएसई द्वारा नियुक्त नहीं किए गए किसी अन्य बाहरी परीक्षक का उपयोग करके प्रैक्टिकल आयोजित करता है, तो मूल्यांकन को शून्य और अमान्य माना जाएगा। स्कूलों को इस बात की भी जानकारी प्रेषित करनी होगी की उन्होंने सीबीएसई द्वारा नियुक्त किए गए पर्यवेक्षकों द्वारा ही परीक्षा ली है। अन्य निर्देश भी बोर्ड ने प्रायोगिक परीक्षाओं की समय-सारिणी जारी करने के साथ ही स्कूलों को प्रेषित कर दिए थे।

### वाहनों के प्रदूषण...

के कलेक्टर एसपी व परिवहन अधिकारी की समिति प्रदूषण जांच केंद्रों की अधिकतम संख्या तय करती थी, अब यह काम केवल परिवहन विभाग के अधिकारी करेंगे।

**प्रदूषण जांच की वीडियो रिकार्डिंग:** पूर्व के प्रावधान में यह व्यवस्था थी कि प्रदूषण जांच केंद्र के ब्यौरे प्ररुप -5 में रजिस्टर में संधारित किए जाएंगे। इसके आधार पर विवरणी परिवहन आयुक्त को भेजी जाएगी। अब इस में नया बदलाव किया गया है। प्रदूषण जांच केंद्र में प्रत्येक क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय और परिवहन अधिकारी अपनी अधिकारिता के भीतर प्राधिकृत किए गए प्रदूषण जांच के ब्यौरे प्ररुप-5 रजिस्टर में संधारित करेंगे। इसके साथ ही वाहन के प्रदूषण की जांच करते समय उसकी वीडियो रिकार्डिंग की जाएगी। जिसे निरीक्षण के दौरान प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, इसके आधार पर विवरणी परिवहन आयुक्त को भेजी जाएगी।

### अब इतनी लगेगी...

थे, अब 150 रुपए लगेंगे और सरकार के खाते में 80 रुपए जाएंगे। इसी तरह भारी मोटर यान के लिए 150 रुपयों की जगह अब 300 रुपए लिए जाएंगे और इसमें से 100 रुपए राज्य शासन के खाते में जाएंगे। इस तरह जो प्रमाण पत्र जारी होगा वह छह माह के लिए विधिमान्य होगा।

### प्राधिकार जारी करने...

अधिकारी, अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकार, जिला परिवहन अधिकारी करेंगे। इसी तरह प्रदूषण जांच केंद्र के प्राधिकार पत्र का नवीनीकरण जो पहले कलेक्टर किया करते थे, अब यह काम क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकार, जिला परिवहन अधिकारी करेंगे।

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### कई बीमारियों से बचाने बच्चों को सिरप पिलाने अभियान

**रायपुर।** शरीर में खून की कमी दूर करने के साथ अन्य तरह की बीमारियों से बच्चों को बचाने के लिए विटामिन और आयरन की सिरप पिलाने का अभियान शुरु किया गया। 21 जनवरी से 21 फरवरी तक चलने वाले इस शिशु संरक्षण माह की शुरुआत कलेक्टर गौरव सिंह ने बच्चों को सिरप पिलाकर की। प्रत्येक मंगल और शुक्रवार को चलने वाले अभियान के दौरान पांच वर्ष तक के बच्चों को टीकाकृत किया जायेगा। विटामिन ए 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को पिलाई जाएंगी एवम 6 माह से 5 साल के बच्चों को आयरन सिरफ दी जाएंगी। उद्घघाटन कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरी , एमसीएच अस्पताल कालीबाड़ी की प्रभारी डॉक्टर निर्मला यदु, सिविल सर्जन डॉ संतोष भंडारी सहित अन्य लोग मौजूद थे। जिले में आयरन फोलिक एसिड सिरप के लिए 2.42 लाख तथा विटामिन ए का सिरप पिलाने 2.29 लाख का लक्ष्य निर्धारित कियाग या है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर - 17 (बीरगांव) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम-सूचना**

**दिनांक 16/01/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती मीना देवी पति स्व. निठाली प्रसाद वगैरह निवासी भनपुरी, रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम बीरगांव प.ह.नं. 88 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर - 17 (बीरगांव) स्थित भूमि खसरा नंबर 287/433 रकबा 0.0160 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्रमांक /क/वाचक / तह./2024-25. आदेश दिनांक 19/12/2024 के परिपालन में दिनांक 22/01/2025 को समय 12:00 PM बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नबंर 88, बीरगांव के स्थित कार्यालय में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-17 (बीरगांव)**

**// ईश्तहार //**

क्र./750/ 6 (2) 15/सम्पदा / न.रा.अ.न.वि.प्रा./2014

नवा रायपुर अटल नगर, दि. 21/01/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दीपक कुमार बघेल, पिता स्व. श्री संतराम बघेल, निवासी ग्राम नवागांव, सेक्टर-28, नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसमें उसके पिता संतराम बघेल की दिनांक 22/03/2021 को मृत्यु हो जाने के कारण उनके नाम से नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-28 स्थित दुकान क्रमांक-36 जो कि लीज पर आबंटित है। आवेदक दीपक कुमार बघेल के द्वारा मृतक के नाम विलोपित कर स्वयं के नाम पर दुकान नामांतरण करने का निवेदन किया गया है।

अतएव उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 05/02/2025 तक प्रबंधक (संपदा) नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण पर्यावास भवन तृतीय तल में पेश कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**प्रबंधक (संपदा)**
**नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण नवा रायपुर अटल नगर, जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार 80 रायपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.-00067 पुरेना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425440725300101

**// ईश्तहार //**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00067 के अंतर्गत ग्राम पुरेना के वर्तमान भूमिस्वामी ललित किशोर मिश्रा पिता/पति-रमाकांत मिश्रा पता-पुरेना रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 276/20 (0.0094) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता हरीश शादीजा पिता/पति-प्रहलाद शादीजा पता-म.नं. 12 शादीजा कम्पाउण्ड अवंति विहार, मेनरोड शंकरनगर रायपुर, के नाम पर पंजीयन फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07/02/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/01/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदारः**
Jyoti Singh
**रायपुर**

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

### पांचवी बार पार्षद चुनने का मौका, हर बार परिवर्तन का रहा है ट्रेंड

# तीन गांवों को समेटे है शहर का वीर सावरकर वार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

निकाय चुनाव की तारीख का ऐलान होते ही राजधानी के गली मोहल्लों में महापौर के साथ वार्ड पार्षद को लेकर सुगबुगाहट होने लगी है। शहर के आउटर में स्थित जोन 8 क्षेत्र का वीर सावरकर वार्ड हीरापुर, जरवाय और अटारी गांव को लेकर दो दशक पहले अस्तित्व में आया। इस बार पांचवा मौका होगा जब मतदाता अपनी पसंद के प्रतिनिधि चुनने वोट करेंगे। वार्ड की तासीर कुछ इस तरह से है कि यहां हर बार जनता परिवर्तन का ट्रेंड फालो करते हुए अलग-अलग पार्टी के प्रत्याशी को चुनती रही है। पिछले 4 चार बार के निकाय चुनाव में 2 बार भाजपा के प्रत्याशी वार्ड मेंबर चुनकर आये, इसी तरह दो अलग-अलग मौकों पर कांग्रेस के प्रत्याशी जनता की पसंद के रूप में चुनाव जीतकर आए। यानी एक ही पार्टी के प्रत्याशी को लगातार दो बार मेंबर बनने का अवसर नहीं मिला।

निकाय चुनाव वार्ड दस्तक

#### पहले नहर के पानी से गांव के तालाब छलछलाते थे, अब गर्मी में सूखते हैं तालाब



वरिष्ठ नागरिक श्रवण कुमार मित्तल ने बताया, वार्ड की सबसे बड़ी समस्या तालाबों को सूखने से बचाने की है। गांव के जो पारंपरिक तालाब मोवा वाले नहर के पानी आने से छलक जाते थे, बारह महीना पानी निस्तारी के लिए मिलता। अब वही तालाब गर्मी में सूखने लगते हैं। इस समस्या को लगातार हमने रखा। कम से कम इन तालाबों के पास बोरवेल करवा दे, पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। चाहे अटारी का तालाब हो या हीरापुर का नकटा तालाब, रिंगरोड स्थित छुइहा तालाब की यही स्थिति है। मोवा वाले बड़े नहर को पाटकर रोड बनाने के बाद से ये समस्या है। दूसरी प्रमुख सामाजिक भवन की सुविधा न होना है। शादी ब्याह करना हो या अन्य सामाजिक कार्य, सर्वसुविधा युक्त सामाजिक भवन नहीं है।



#### देवकी बाई रही वार्ड की पहली पार्षद, जोगी जी प्रचार के लिए आए थे



हीरापुर निवासी 70 वर्षीय तुलसीराम साहू बताते हैं कि हीरापुर के बाजार मैदान में वार्ड पार्षद चुनाव के लिए पहली बार हुई सभा में कांग्रेस की प्रत्याशी देवकी बाई के चुनाव प्रचार में पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व सीएम अजीत जोगी हीरापुर आये थे। उस समय उनका उद्बोधन सुनने बड़ी संख्या में लोग हीरापुर के बाजार मैदान पर जुटे थे। उस चुनाव में देवकी बाई की जीत हुई, वे वार्ड की पहली पार्षद बनकर जनता के बीच आईं। जरवाय स्कूल में मतदान केंद्र था, जहां मैंने वोट डाला था। पहले के निकाय चुनाव और अब के निकाय चुनाव में फर्क को लेकर तुलसीराम का कहना है, पहले के समय में प्रत्याशी कम खर्च में चुनाव लड़कर दिखाते थे। उस समय जब लोगों से संपर्क करने निकलते, तो उन्हें बिल्ला देकर आते, हैंड पंपलेट में प्रत्याशी की तस्वीर और उसके बारे में संक्षिप्त जानकारी जरूर रहती थी। तब गली मोहल्लों में चुनाव प्रचार के लिए रिक्शा में लाउडस्पीकर लगाकर घुमा देते और प्रचार हो जाता। अब चुनाव प्रचार पहले से ज्यादा खर्चीला हो चला है।

#### अस्पताल नहीं था इलाज के लिए, बैलगाड़ी से कुम्हारी ले जाते थे



पांच दशक से ग्राम अटारी में निवास कर रहे सेवानिवृत्त व्याख्याता महेश चंदेल बताते हैं 1974-75 में वे जब अटारी में रहने आए, तब ग्राम पंचायत के रूप में अटारी और चंदनीडीह दो गांव मिलकर ग्राम पंचायत हुआ करती थी। आने-जाने के लिए कच्ची सड़कें हुआ करतीं। एक बार की बात है, परिवार में परिजन रात में बीमार पड़ गये, तब बैलगाड़ी से उन्हें रात में उपचार के लिए बड़ी मुश्किल से कुम्हारी के अस्पताल ले गये। रात के समय न तो आसपास कोई डॉक्टर उपलब्ध था, ना गांव में अस्पताल की सुविधा। चंदनीडीह में एक प्राइवेट डॉक्टर आता था, वो भी कभी-कभी। अब स्थिति बदल गई है।

### लोगों ने कहा- पंचायती राज ही अच्छा था

# 20 साल में 4 बार बदले पार्षद सोनडोंगरी की नहीं बदली सूरत

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक-2 को नगर निगम में शामिल हुए 20 वर्ष हो चुके हैं। इन 20 वर्षों में इस वार्ड में शामिल किया गया सोनडोंगरी का क्षेत्र में समस्याएं अभी भी जस की तस हैं। इस गांव में नालियों का गंदा पानी की निकासी के लिए अब तक कोई उपाय या कार्य नहीं किया गया है, वहीं तालाबों और श्मशान घाट की स्थिति में भी ज्यादा परिवर्तन नहीं किया गया है। एक तालाब में पचरी का काम कराया गया है, लेकिन यह भी गुणवत्ताहीन है, जबकि सौंदर्यीकरण काम अब तक नहीं हो पाया है। गांववासियों का कहना है कि उनके गांव को जरूर नगर निगम में शामिल कर लिया गया है, लेकिन इसके विकास के लिए अब तक कोई काम नहीं किए गए हैं। इससे अच्छा तो पंचायती राज था। सरपंच, पंच मिलकर गांव के हित में काम किया करते थे।

नगर निगम चुनाव के ऐलान के बाद हरिभूमि की टीम शहर के वार्डों का भ्रमण कर रही है। इसके तहत प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों एवं समस्याओं की स्थिति का पता लगाने के साथ पार्षद चुनाव को लेकर लोगों की क्या सोच है तथा निर्वाचित होने वाले पार्षदों से कौन-कौन से विकास कार्यों की उम्मीद लगाए हैं, इस बारे में टीम ने लोगों से बातचीत कर जाना।

#### सोनडोंगरी में सड़क के अलावा कोई बदलाव नहीं



सोनडोंगरी गांव के रहने वाले 85 वर्षीय केजऊराम साहू ने बताया कि उनके गांव को नगर निगम में शाामिल हुए 20 वर्ष हो चुके हैं। इन वर्षों में 4 बार यहां के पार्षद बदल चुके हैं, लेकिन उनके गांव की समस्याओं का निराकरण आज तक नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि इससे अच्छा तो पंचायती राज था, जिसमें सरपंच-पंच के लोग गांव के हित में कार्य किया करते थे। उन्होंने कहा कि गांव में सड़क का निर्माण के अलावा और कोई विकास नहीं हुआ है।

#### गांव की नालियों का गंदा पानी निकासी की समस्या जस की तस



राजमिस्त्री का काम करने वाले ताराचंद साहू ने बताया कि सोनडोंगरी गांव में नालियां तो बनाई गई है, लेकिन इन नालियों का गंदा पानी गांव से बाहर निकालने के लिए अब तक कोई नाला नहीं बनाया गया है। यह गंदा पानी गांव के अंदर एक खाली पड़ी निजी जमीन जो डबरा का रूप ले चुका है में जा रहा है। यह समस्या गांव की सालों पुरानी है। इस समस्या का निराकरण कोई भी पार्षद नहीं करा पाया है।

#### श्मशान घाट और तालाबों का सौंदर्यीकरण भी नहीं



सोनडोंगरी में बीएसयूपी कालोनी के पास श्मशान घाट है। गांव में मौत होने पर इसी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया जाता है, लेकिन इसका भी अब तक सौंदर्यीकरण नहीं किया गया है। गांव में जो तालाब है। इनका भी सौंदर्यीकरण नहीं किया गया है। एक तालाब में पचरी बनाई गई है, लेकिन वह भी गुणवत्ताहीन होने के कारण उखड़ने लगी है, वहीं दूसरे तालाब में अधूरा काम छोड़ दिया गया है। जीतेंद्र साहू ने बताया कि गांव में न ही सामूढायिक भवन बनाया गया है और न ही अन्य कोई विकास कार्य किए गए हैं।

#### कबीरनगर में भी सफाई व्यवस्था बड़ी समस्या

कबीरनगर के रहने वाले विक्रम पटेल ने बताया कि उनके क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप है। इस क्षेत्र में सड़क निर्माण सहित अन्य कुछ विकास कार्य हुए हैं, लेकिन सफाई का हाल बेहाल है। नाली-नालों की कई महीनों में सफाई होती है, जिससे यहां मच्छरों का प्रकोप रहता है।

उल्लेखनीय है कि वार्ड-2 को इस बार भी अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। इस वार्ड अंतर्गत सोनडोंगरी में रहने वाले लोगों का कहना है कि उनके गांव में ज्यादातर ओबीसी वर्ग के लोग रहते हैं। इसके बाद भी पिछले चार बार से यह वार्ड अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित किया जाता है। इसके कारण गांव के लोगों को चुनाव लड़ने का मौका ही नहीं मिल पाता है।

---

**बिजनेस साइट**

## छत्तीसगढ़ में स्टार्टअप इकोसिस्टम मजबूत बनाने बिजनेसगढ़ का फाउंडर्स मीटअप



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिजनेसगढ़ द्वारा रायपुर में एक विशेष फाउंडर्स मीटअप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्यभर से 45 से अधिक स्टार्टअप फाउंडर्स ने हिस्सा लिया, जो राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर, रायगढ़ और अन्य जिलों से आए थे।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डॉ. त्रयंबिका गंजीर ने अपने आयुर्वेदिक वीमेन वेलनेस प्रोडक्ट्स 'अर्तवा' का शुभारंभ किया, जो महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक क्रांतिकारी उत्पाद माना जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में जॉफ के फाउंडर आकाश अग्रवाल और वीस्नैपयू के फाउंडर परमिंदर साहनी ने अपनी प्रेरणादायक कहानियां साझा कीं।

बिजनेसगढ़ के को-फाउंडर डॉ. डोमेंद्र सिंह गंजीर ने कहा कि यह आयोजन केवल एक शुरुआत है और उनका लक्ष्य छत्तीसगढ़ में एक मजबूत तथा प्रभावशाली स्टार्टअप इकोसिस्टम का निर्माण करना है।

## हियरिंग केयर सेंटर के नए स्टोर का भव्य शुभारंभ



**रायपुर।** चिकित्सा के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध नाम हियरिंग केयर सेंटर के नए हिअर जॅप स्टोर का शुभारंभ शंकर नगर में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा ने स्टोर का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद 20 से 26 जनवरी तक शंकर नगर में एक निशुल्क बहरापन जांच शिविर आयोजित किया जा रहा है, जो प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा।

इस शिविर में मरीजों को श्रवण यंत्र पर छूट, कोकिलियर इम्पलांट (परामर्श) और स्पीच थैरेपी से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। शुभारंभ समारोह में विशिष्ट अतिथि संजय श्रीवास्तव, प्रमोद दुबे, छगन लाल मुंदड़ा, एस. राजा और अमित ए. शेकतकर ने भी शिरकत की।

## श्री बालाजी विद्या मंदिर में मनाया मकर संक्रांति समारोह



**रायपुर।** श्री बालाजी विद्या मंदिर सेक्टर 2 देवेंद्र नगर में आंध्र एसोसिएशन रायपुर के तत्वावधान में मकर संक्रांति समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम भी हुए, जिसमें संस्था के अध्यक्ष जी. स्वामी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। आंध्र एसोसिएशन के सचिव केएस आचार्युलु ने मकर संक्रांति पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला और बताया कि यह पारंपरिक उत्सव आंध्र समाज के लिए विशेष महत्व रखता है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में आंध्र एसोसिएशन ने एकल गीत, युगल नृत्य, शास्त्रीय नृत्य और अन्य प्रस्तुतियां दीं।

**आदर्श आचार संहिता सहित चुनाव में पारदर्शिता पर चर्चा**

## राज्य निर्वाचन आयुक्त ने राजनीतिक दलों से की चुनाव प्रक्रिया पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में आगामी चुनाव प्रक्रियाओं के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा और समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

बैठक में चुनाव कार्यक्रम की समीक्षा और तैयारियों पर चर्चा की गई। सभी राजनीतिक दलों को चुनावी आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने तथा ईवीएम के उपयोग को लेकर राजनीतिक दलों को जानकारी दी गई। मशीनों की कार्यप्रणाली और उनकी सुरक्षा को लेकर आश्वासन दिया गया, साथ ही तकनीकी समस्याओं से निपटने के लिए त्वरित समाधान पर चर्चा की गई। निष्पक्ष चुनाव के लिए पुलिस और प्रशासन के साथ समन्वय सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा चुनावी प्रक्रियाओं के सम्बन्ध में पूछे गए प्रश्नों के जवाब भी दिए गए। नामांकन प्रक्रिया, मतदान केंद्रों की व्यवस्था और मतगणना की पारदर्शिता पर चर्चा की गई। चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और प्रभावी बनाने का उद्देश्य था, ताकि लोकतांत्रिक प्रणाली मजबूत हो सके। विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, उपसचिव डॉ. नेहा कपूर, आलोक कुमार श्रीवास्तव एवं निर्वाचन आयोग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

#### इन पदों पर होंगे चुनाव

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि कुल 173 नगर पालिकाओं में 10 नगर पालिक निगम, 49 नगर पालिका परिषद् तथा 114 नगर पंचायत एवं 3201 वार्डों में चुनाव होगा। इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायतों के जिला पंचायत सदस्य के लिए 433, जनपद पंचायत सदस्य के लिए 2973, सरपंच पद के लिए 11672 तथा पंच पद के लिए 1,60,180 पदों पर आम निर्वाचन कराया जाना है।



#### 1.80 लाख मतदान कर्मी की लगेगी ड्यूटी

1 जनवरी 2025 की स्थिति में 44 लाख 74 हजार 269 नगरीय मतदाताओं की संख्या है इसी प्रकार पंचायतों में 1 करोड़ 58 लाख 12 हजार 580 ग्रामीण मतदाता है। उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के लिए 37,033 मतदान केन्द्र बनाये जाएंगे। इस निर्वाचन के लिए लगभग 1 लाख 80 हजार मतदान कर्मी की ड्यूटी लगाई जायेगी।

#### प्रत्यक्ष प्रणाली से चुने जाएंगे महापौर, अध्यक्ष

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि नगरीय निकाय निर्वाचन में अब महापौर एवं अध्यक्ष का निर्वाचन प्रत्यक्ष रीति से होगा। नगर पालिकाओं का निर्वाचन मल्टी पोस्ट मल्टी वोट ईव्हीएम द्वारा करवाया जाएगा। महापौर एवं अध्यक्ष पद के लिए व्यय सीमा निर्धारित की गई है तथा पार्षद पद के लिए कोई व्यय सीमा नहीं है।

#### महापौर-अध्यक्ष को देना होगा व्यय लेखा

उन्होंने बताया कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 गैर दलीय आधार पर एवं मतपेटी के माध्यम से कराया जाएगा। नामनिर्देशन पत्र प्रारूप-3 में प्राप्त किया जायेगा। कोई व्यक्ति महापौर/अध्यक्ष एवं पार्षद दोनों के लिए अभ्यर्थी हो सकता है एवं प्रत्येक पद के लिए निर्धारित प्रतिभूति राशि पृथक से जमा करनी होगी। महापौर/अध्यक्ष पद के व्यय लेखा के लिए नाम निर्देशन प्रस्तुत करने के पूर्व एक पृथक बैंक खाता खोलना अनिवार्य है। निर्धारित समय पर शपथ पत्र एवं प्रतिभूति निक्षेप राशि नहीं प्रस्तुत करने पर नामनिर्देशन पत्र अस्वीकार किया जावेगा।

## महिला आयोग पहुंची बीएड शिक्षिकाएं, कहा पुलिस ने फाड़े कपड़े, निजी अंगों को छुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- रविवार को मरीन ड्राइव से बर्बरतापूर्वक हटाए जाने की घटना

अपनी नौकरी बचाने के लिए धरना-प्रदर्शन कर रही शिक्षकाओं ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मंगलवार को प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने अपनी आपबीत साझा करते हुए ये आरोप लगाए हैं। महिला शिक्षिकाओं का आरोप है कि रविवार को मरीन ड्राइव में प्रदर्शन के दौरान उन्हें पुलिस की बदसलूकी का सामना करना पड़ा। छीना-झपटी के दौरान पुरूष पुलिस द्वारा महिला शिक्षिकाओं के कपड़े फाड़े जाने, गाली-गलौच एवं दुर्व्यवहार, पैरों से रौंदने, बालों को पकड़कर खींचने, धक्का-मुक्की सहित कई तरह के आरोप लगाए गए हैं।

उनका कहना है कि इस बर्बरता के कारण कई महिलाओं को चोट आई और कई बेहोश हो गईं। गौरतलब है कि न्यायालय के आदेश के बाद नौकरी से निकाले गए बीएड कर्मी आचार संहिता लगने तक निरंतर धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। इसी कड़ी में रविवार को उन्होंने परिवारजनों के साथ व्यापक प्रदर्शन किया। उन्हें बस में बैठाकर मरीन ड्राइव से वापस माना-तूता भेजा गया। इस दौरान ही इस बर्बरता की शिकायत महिलाओं ने की है।



#### कार्रवाई की मांग

प्रेसवार्ता में महिला शिक्षिकाओं ने आरोपी पुलिसकर्मियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनके द्वारा सोमवार को महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई गई है। एसटी-एससी आयोग में शिकायत पत्र सौंपे जाने की तैयारी है। 25 महिला शिक्षिकाओं ने स्वयं के साथ हुई घटना का जिक्र करते हुए शिकायत की है। आचार संहिता लगने के पश्चात शिक्षिकों द्वारा डिजिटल रूप में प्रदर्शन का फैसला किया गया है। मंगलवार को भी नौकरी से निष्कासन के विरोध में उन्होंने अपना मत रखते हुए संदेश प्रसारित किए।

## एक ही ब्रांच के 104 खातों में ऑनलाइन ठगी के 36 लाख का किया ट्रांजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक की सिविल लाइन ब्रांच का मामला

राजधानी रायपुर की सिविल लाइंस पुलिस ने ऑनलाइन ठगी की राशि ट्रांजेक्शन के मामले में उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक की सिविल लाइंस ब्रांच के 104 खातों के धारक और खाता खुलवाने में सहयोग करने वालों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। इन खातों से 36 लाख 48 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन किया गया है।

**पोर्टल में आनलाइन ठगी की शिकायत :** उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय का समन्वय पोर्टल है, जिसमें आनलाइन ठगी की शिकायतें होती हैं। इसमें ठगी के मामले में पिछले एक साल में जितनी शिकायतें आई हैं, उन बैंक खातों को फ्रीज किया गया है। इसमें उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक की सिविल लाइन ब्रांच के 104 खाते भी हैं।

#### सभी खाते फ्रीज

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए सभी 104 खातों को फ्रीज कर दिया है। फ्रीज करने के बाद गृह मंत्रालय ने रायपुर पुलिस को इस मामले में कार्रवाई करने पत्र लिखा है। पुलिस ने इस मामले में धारा 317-2, 317-4, 317- 5, 111, 3-5 बीएनएस के तहत एफआइआर दर्ज कर खाते जिन जिन लोगों के नाम पर हैं, उनके मालिकों के साथ खाता खुलवाने में सहयोग करने वालों की तलाश कर रही है। एक ही ब्रांच में इतने खातों का उपयोग ठगों ने कैसे किया है, इसका खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा। बहरहाल पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।






02



महाकुंभ में छग के टेंट पर रोज ठहर ...

## एजूकेशन अपडेट

## डीकेएस में विभिन्न पदों के लिए वॉक इन इंटरव्यू कल



**रायपुर।** डीकेएस पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट एंड रिसर्च सेंटर में सह-प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक और सीनियर-जूनियर रेसीडेंट के रिक्त पदों पर संविदा भर्ती की जाएगी। इसके लिए गुरुवार 23 जनवरी को वॉक इन इंटरव्यू लिया जाएगा। अधीक्षक कार्यालय में इंटरव्यू दोपहर 12.30 बजे से आयोजित है। विगत 17 जनवरी को इन पदों के लिए इंटरव्यू कॉल किया गया था, लेकिन बाद में इसमें लिपिकीय त्रुटि होने के कारण तारीख बढ़ाई गई। एमसीआई के मापदंडों के अनुसार ही भर्ती की जाएगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं। कुल 25 पदों पर भर्ती होगी। इसमें सह-प्राध्यापक के 2, सहायक प्राध्यापक के 4, सीनियर रेसीडेंट के 12 और जूनियर रेसीडेंट के 7 पद शामिल हैं। गेस्ट्रो सर्जरी, न्यूरोलॉजी, बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी, क्रिटिकल केयर, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी और न्यूरोसर्जरी विभाग में इन पदों पर भर्ती होगी। इस भर्ती में शासन के आरक्षण नियम का पालन किया जाएगा। भर्ती संबंधी जानकारी के लिए अभ्यर्थी डीकेएस की आधिकारिक वेबसाइट dkspgi.in देख सकते हैं।

### जेईई मेन सेशन-1 आज से

ज्वाइंट एंट्रेस एग्जामिनेशन (जेईई) मेन पहले सेशन की परीक्षा 22 जनवरी से शुरू होगी। इसके लिए एडमिट कार्ड पहले ही जारी किए जा चुके हैं। बीई और बीटेक में कोर्स के लिए यह परीक्षा हो रही है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी से जारी शेड्यूल के अनुसार यह एग्जाम 22, 23, 24, 28 और 29 जनवरी को होगा। जबकि बीआर्क और बी प्लानिंग के लिए परीक्षा 30 जनवरी को होगी। गौरतलब है कि जेईई मेन का आयोजन साल में दो बार होता है। पहले सेशन के तहत परीक्षा अभी आयोजित की जा रही है, वहीं दूसरा सेशन अप्रैल में होगा।

## लाइव इवेंट

## कैंप लगाकर किया कैंसर के प्रति जागरूक परामर्श के बाद निशुल्क दवा भी बांटी



**रायपुर।** इनरव्हील क्लब ने सिलयारी में कैंसर अवेयरनेस एवं मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष रश्मि मीरानी ने बताया, शिविर में कैंसर के प्रति जागरूकता, कैंसर से रोकथाम एवं अनियमित खानपान से होने वाली समस्याओं की जानकारी दी गई। साथ ही निशुल्क परामर्श एवं दवाओं का भी निशुल्क वितरण किया गया। लोगों को फल, दवाओं के साथ नाश्ता, बिस्किट भी बांटे गए। शिविर में 53 गांवों के 600 लोग लाभान्वित हुए। इनरव्हील क्लब आप रायपुर कैपिटल द्वारा किया गया, यह शिविर गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड के लिए नामांकित हुआ है।

### ये रहे उपस्थित

*इस शिविर में लोगों ने विभिन्न रोगों के बारे में डॉक्टरों से परामर्श लिया। इस दौरान लक्षण और समस्या बताई। शिविर में डॉ. मधुप्रिया अग्रवाल स्त्रीरोग विशेषज्ञ, डॉ. सुमीत सिंह मेडिसिन विशेषज्ञ व डॉ. मनीष श्रीवास्तव नेत्ररोग विशेषज्ञ एवं डॉ. शोभा शर्मा का विशेष योगदान रहा। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी व डॉ. विकास तिवारी ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग दिया।*

### एनआईटी के कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं को स्टार्टअप के लिए किया प्रेरित

# अभिभावक बच्चों को जबरदस्ती सरकारी नौकरी में भेजने की कोशिश न करें, मनचाहा कॅरियर चुनने की दें आजादी

**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की ओर से मंगलवार को कल्पनाएं, विकसित भारत निर्माण की थीम पर ऑडियोटोरिम में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रहे। इसमें एनआईटी के अलावा आईआईएम नवा रायपुर और आईआईटी भिलाई के छात्र भी शामिल हुए।**





**रायपुर।** उपराष्ट्रपति ने युवाओं के उत्सुकता भरे सवालों का जवाब दिया। उन्होंने अपने संबोधन में विकसित भारत की यात्रा में युवाओं के योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही युवाओं को पढ़ाई के बाद मनचाहे क्षेत्र में काम करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में एसईसीएल गर्ल्स हॉस्टल का प्रतीकात्मक शिलान्यास किया, जो साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की अपने सीएसआर कार्यक्रम की एक प्रमुख परियोजना है। इस दौरान एनआईटी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स अध्यक्ष डॉ. सुरेश हावरे, निदेशक डॉ. एनवी रमना, एसईसीएल के सीएमडी डॉ. पीएस मिश्रा, आईआईटी भिलाई और आईआईएम के निदेशक डॉ. राजीव प्रकाश एवं डॉ. रामकुमार काकानी, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय राज्यमंत्री आवास एवं शहरी कार्य विभाग तोखन साहू, पश्चिम विधायक राजेश मूणत आदि शामिल हुए।

### मनचाहे क्षेत्र में कॅरियर से होगा अपनी क्षमता का सही इस्तेमाल

उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को जबरदस्ती सरकारी नौकरी की तरफ भेजने की न कोशिश करें। ऐसे में युवा अपनी क्षमता का इस्तेमाल देश के निर्माण में सही ढंग से नहीं कर पाएंगे। यह भी हो सकता है कि वह बीच रास्ते में छोड़ किसी और ही मार्ग पर निकल जाए। यदि सचिन तेंदुलकर के हाथ में क्रिकेट बैट की जगह उनके घरवालों ने हॉकी स्टिक थमाई होती तो शायद आज सचिन का नाम दुनिया में न होता। सभी युवाओं और उनके अभिभावकों से आग्रह करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि आपको अपना मनचाहा कैरियर चुनना चाहिए। अभिभावकों को भी अपने बच्चों के पैशन पर भरोसा दिखाना चाहिए और उनकी हरसंभव मदद करनी चाहिए।

### उपराष्ट्रपति और युवाओं के बीच सवाल-जवाब

कार्यक्रम के अंत में आईआईटी, एनआईटी व आईआईएम के युवाओं ने उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ से सवाल किए। एनआईटी रायपुर छात्र के पॉलिसी मेंकिग में यूथ का क्या सहयोग हो सकता है, सवाल पर उन्होंने कहा कि पॉलिसी मेकिंग में युवाओं की भागीदारी बहुत जरूरी है। उनके सुझाव पॉलिसी की बेहतरी में काम कर सकते हैं। किसी भी पॉलिसी को बनाने और उसे लागू करने का उद्देश्य कतार के आखिर में खड़े लोगों को भी लाभान्वित करना चाहिए। आईआईटी भिलाई के छात्र के सवाल, स्टार्टअप शुरू करने से पहले किन बातों पर ध्यान दें, का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि स्टार्टअप शुरू करने वाले युवाओं को सोचना चाहिए, बाजार में किस चीज की कमी है और वह कितना जरूरी है, इस पर बहुत ध्यान देने की जरूरत है। बिना जरूरत समझे शुरू किए स्टार्टअप के फेल होने की ज्यादा संभावना होती है।





### आगामी समय में युवा तय करेंगे दिशा और दशा

युवाओं को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि दुनियाभर में हम सबसे नौजवान देश हैं। युवा आने वाले भविष्य के निर्माता हैं, वे ही देश की दशा और दिशा निर्धारित करेंगे। युवाओं को स्टार्टअप और इनोवेशन की ओर ज्यादा ध्यान देना चाहिए बजाय सरकारी या प्राइवेट नौकरी के। यदि युवा डर रहे हैं कि स्टार्टअप फेल हुआ तो क्या करेंगे, कुछ भी अलग, लीक से हटकर करने में मन में फियर ऑफ फेलियर का भाव आना तय है। फेलियर से कितना कुछ सीखा जा सकता है, इसका सबसे अच्छा उदाहरण थॉमस एल्वा एडीसन है, जिसने करीब 1000 इनवेंशन के बाद बल्ब का अविष्कार किया। सक्सेस का रास्ता फेलियर से होता हुआ जाता है। हम सबको मिलकर विकसित भारत 2047 का सपना साकार करना है। इसमें युवाओं की भागीदारी सबसे प्रमुख रहेगी।

## सफलता के लिए मन में आत्मविश्वास जरूरी

रायपुर। वुमन एन्ट्रस्ट संस्थान द्वारा होटल बेबीलॉन कैपिटल में 'ओन योर वॉइस' मोटिवेशनल स्पीच का आयोजन किया गया। इस दौरान चर्चित स्पीकर दीपक बजाज ने व्यक्ति में आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के



महत्व से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की सबसे बड़ी ताकत खुद की आवाज होती है। व्यक्ति को अपने सही-गलत का अंदाजा होता है। जब हम अपनी आवाज पहचानते हैं, उसे सशक्त बनाते हैं और सही दिशा में इस्तेमाल करते हैं, तब जीवन में असंभव कार्यों को भी संभव बनाया जा सकता है। व्यक्ति का दृढ़ निश्चय, संकल्प ही उसे आगे बढ़ने में मदद करता है। सफलता के लिए अपने डर पर काबू करना जरूरी है, जिसके बाद छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने का प्रयास करें।

### अपने डर पर रखें काबू


मोटिवेशनल स्पीच के दौरान प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई, जहां दर्शकों ने कॅरियर और एजुकेशन संबंधित प्रश्न पूछे। कहा कि जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के दौरान कई मोड़ ऐसा आता है, जब व्यक्ति खुद से हार मान लेता है, जिसके कारण उनका सपना कभी पूरा नहीं होता। इस स्थिति में व्यक्ति अपनी आंतरिक क्षमता को पहचाने और अपनी असफलता से सीखने का प्रयास करें। कामयाब व्यक्ति अपने असफल प्रयासों से सीखता है। सफल होने के लिए अपने डर का सामना करना होगा।




### देशभर के 303 कलाकारों ने नृत्य वंदनम में बांधा समां

## शिव वंदना, शंकर-पार्वती संग थीम पर मनमोहक प्रस्तुति, दिखाया अपना हुनर

**रायपुर।** भारत वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में साइंस कॉलेज स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में नृत्य वंदनम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक छटा की नयनाभिराम प्रस्तुति से देशभर के विभिन्न राज्यों की शास्त्रीय नृत्य विधाओं में पारंगत कलाकारों ने अपना हुनर दिखाया। भारत के अलग-अलग रंगों से सराबोर भरतनाट्यम, ओडिसी, कथक, कुचिपुड़ी, गरबा आदि मनमोहक नृत्य से कलाकारों ने दर्शकों का मन मोह लिया।



### नृत्य की विभिन्न विधाओं पर प्रस्तुति

*आयोजन में रायपुर के कलाकारों ने गुरु तेज पटेल व ग्रुप के साथ शिव वंदना, शंकर पार्वती संग थीम पर आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इसमें गुरु तेज पटेल के साथ संगीता ठाकुर, ज्योति चौहान, विभा सिंह चौहान, साक्षी, विनीता आयुषी, किरण, एकता वर्मा ने अपनी प्रस्तुति दी। इस नृत्य वंदनम में 303 कलाकारों ने देश के विभिन्न राज्यों से प्रस्तुति दी।*

**सिटी लाइव**

## लो आ गई लोहड़ी वे...गिद्दा और भांगड़ा पर मचाई धूम




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा द्वारा पंजाब केसरी भवन में 'लोहड़ी दी शाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने लो आ गई लोहड़ी... पंजाबी मस्त...सुंदर मुंदरिये..गाने पर गिद्दा और भांगड़ा किया। पारंपरिक नृत्य के साथ परिधान में सभी सजे नजर आए। कार्यक्रम की शाम पंजाबी गानों के साथ लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए इसके महत्व को बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र महिलाओं द्वारा सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति रही।

### लोहड़ी दी शाम कार्यक्रम

लोहड़ी पर्व पर समाज के लोगों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान 50 साल के अधिक उम्र के बुजुर्गों को सम्मानित कर गांव की लोहड़ी को जानने का प्रयास किया। वही नवविवाहित जोड़ों को शादी के बाद पहली लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं भी दी गईं, जिनके लिए हाउजी और क्विज समेत अनेक गेम्स का भी आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय संगठन अजय जामवाल, छग भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय उपस्थित रहे। जहां समाज के अध्यक्ष जवाहर खन्ना, दलजीत बग्गा, बिंदु बग्गा, रमेश बजाज, सुनील जग्गी, अभिषेक गुप्ता, उर्मिला अरोरा, उमा डोडेजा, विभूति अरोरा, रीना सखूजा उपस्थित रहे।

**लाइव इवेंट**

## अमर शहीद हेमू कालानी को किया याद, पुष्पांजलि अर्पित



**रायपुर।** अमर शहीद हेमू कालानी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करने मंगलवार प्रातः 10.30 बजे कचहरी चौक पर कार्यक्रम रखा गया था, उसमें सभी धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिज्ञ उपस्थित हुए। विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार राठी, अमरजीत सिंह छाबड़ा समेत समाज की पंचायतों के मुखी उपस्थित रहे। संस्था के प्रमुख त्रिलोकचंद चिमनानी, अध्यक्ष किशोर आहूजा, महामंत्री प्रेम बिरनानी, अनेश बजाज, मीडिया प्रभारी भरत पमनानी कहा कि पंडरी रोड का नाम शहीद हेमू कालानीजी के नाम पर रखा जाए एवं पंडरी कपड़ा मार्केट में प्रवेश द्वार हेमू कालानी के नाम से बनाया जाए।

### स्कूलों में भी पढ़ाई जाए जीवनी

साथ ही स्कूलों में भी शहीद हेमू कालानी की जीवनी पढ़ाई जाए। सिंधी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी मुखी मनुमल पृथ्वानी, अच्चूमल गावरी, अनेश बजाज, गिद्धूराम कुकरेजा, हरनाम तलरेजा, अमर गिदवानी, टीकम नागवानी, सुनील छतवानी, झामन दास बजाज, सतराम दास बजाज, बलराम पी. आहूजा समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

**समाज इवेंट**

## जीवनसाथी चुनने 900 युवाओं ने बताई पसंद, देशभर से पहुंचे



**रायपुर।** राजपूत क्षत्रिय निस्वार्थ सेवा समिति 1282 ने परिचय सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम के संयोजक ठाकुर राजेश्वर सिंह भुवाल ने बताया कि सम्मेलन में लगभग 900 लोगों ने भाग लिया, जिसमें लगभग 300 युवक-युवतियों के बायोडाटा समिति के पास पंजीकृत किए गए। उन्होंने बताया कि अनेक अभिभावकों ने अपने बच्चों के जीवनसाथी की चर्चा करते हुए सम्मेलन के आयोजन को लगातार कराए जाने की मांग रखी। युवक-युवतियों ने जीवनसाथी को लेकर अपनी पसंद बताई। कार्यक्रम के संरक्षक ठाकुर भूपेंद्र सिंह, संचालक निरंजन चंदेल, उत्तम सोलंकी, राजेश सिंह बोटेबोड (भिलाई), बसंत सिंह, अमर सिंह राठौर, राजेंद्र सिंह क्षत्रिय, सुमन सोलंकी, रमा क्षत्रिय, डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पूर्व अध्यक्ष रायपुर उपसमिति, बलवंत सिंह, मनमोहन सिंह (सिवनी), सुधाकर सिंह समेत अनेक समाजजन शामिल हुए।

### फिजूलखर्ची पर रोक लगाएंगे

*कार्यक्रम संयोजक ठाकुर राजेश्वर सिंह ने बताया, सामूहिक विवाह कार्यक्रम जल्द आयोजित किया जाएगा, जिससे समाज में विवाह समारोह पर की जा रही फिजूलखर्ची को रोका जा सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए।*

---

**शहर के श्रद्धालुओं ने महाकुंभ यात्रा का साझा किया अनुभव**

# महाकुंभ में छग के टेंट पर रोज ठहर रहे 300 श्रद्धालु, हर दिन पारंपरिक लोकगीतों की प्रस्तुति

प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं के आस्था का सैलाब उमड़ रहा। प्रतिदिन शाही स्नान के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यहां महाकुंभ में पहुंच रहे छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए ठहरने पैवेलियन स्थित विशाल तंबू में निशुल्क सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए कुंभ नगरी के चौक-चौराहों को भव्य रूप से सजाया गया है।

**रायपुर।** हरिभूमि टीम ने प्रयागराज गए श्रद्धालुओं से बातचीत की। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में भी छत्तीसगढ़ कला-संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है। अन्य राज्यों से पहुंच रहे लोग भी छत्तीसगढ़ से जुड़ रहे हैं। पवेलियन में ठहरने श्रद्धालुओं ने बताया कि खाना तैयार होने के बाद छत्तीसगढ़ के साधु-संतों को पहले भोजन दिया जाता है, जिसके बाद आम व्यक्ति को भोजन परोसा जाता है।



### आधारकार्ड दिखाने पर मिल रही निशुल्क सुविधा

प्रदेश के प्रत्येक वर्गों के श्रद्धालुओं के लिए पवेलियन में व्यवस्था की गई है, इसमें साधु-संत और ऋषि भी शामिल है। प्रदेश सरकार की ओर से ठहरने, नाश्ता भोजन की निशुल्क व्यवस्था है। जहां केवल आधारकार्ड दिखाकर पवेलियन में जाने की अनुमति दी जाएगी। इसके आधार पर श्रद्धालुओं का कार्ड बनाया जा रहा, जिससे वह निशुल्क सुविधाओं का लुत्फ उठा सकते हैं। पवेलियन में दो बड़े हॉल है, जहां महिलाओं और पुरुषों के लिए दो अलग ठहरने की सुरक्षित व्यवस्था की गई। यहां ठहरने के लिए 150-150 बेड लगाई गई।

### 40 रुपए में महाकुंभ स्थल पहुंचने ऑटो की व्यवस्था

महाकुंभ नगरी के सेक्टर-6 में छत्तीसगढ़ राज्य का टेंट लगाया गया है। छत्तीसगढ़ पवेलियन महाकुंभ मेला के नजदीक प्रयाग रेलवे स्टेशन, हवाई मार्ग नजदीक है, जहां श्रद्धालु इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के रास्ते यमुना ब्रिज क्रॉस करके यहां पहुंच सकते हैं। रेलमार्ग से शामिल हो रहे तो मात्र 30-40 रुपए में महाकुंभ स्थल तक ऑटो की व्यवस्था की गई है।




### आम श्रद्धालुओं को भी वीआईपी ट्रीटमेंट

स्वामी राजेश्वरानंद ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेशवासियों के लिए ठहरने की व्यवस्था की गई है। महाकुंभ स्थान से 500 मीटर की दूर पर राजधानी के 'सुरेश्वर महादेवपीठ' संस्थान द्वारा भी टेंट लगाया गया है। जहां 40 लोगों के खाने, ठहरने का इंतजाम किया गया है, जहां शिवमहापुराण कथा, श्रीमद भागवत कथा और हवन पूजन किया जा रहा। इन दिनों इंटरनेट में महाकुंभ से संबंधित कई वीडियो वायरल हो रही, झूठी बातों का प्रचार हो रहा है। महाकुंभ में आम श्रद्धालुओं से लेकर वीआईपी लोगों के लिए एक समान व्यवस्था की गई है।



### महिलाओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

ममता दुबे ने बताया कि महाकुंभ स्थल पर भोजन, ठहराव और महिलाओं की सुरक्षा के लिए व्यवस्था की गई। जहां बिना किसी लूटपाट के ही मंदिरों में दर्शन और स्नान करने का मौका मिला। महाकुंभ स्थल पहुंचने के साथ ही लाखों श्रद्धालुओं के लिए भरपूर व्यवस्था की गई है, जहां थोड़ी ही दूरी पर खाने, रहने और जरूरत की वस्तुएं मिल जा रही थीं। बुजुर्गों के लिए भी महाकुंभ में व्यवस्था दिखी, जहां उनके रहने और यातायात के लिए शासन के कर्मचारी तैनात दिखे।



### हर दिन छत्तीसगढ़ पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति

महाकुंभ में छत्तीसगढ़ पवेलियन परिसर में पर्यटन विभाग द्वारा स्टॉल सजाया गया है। जहां प्रदेश की संस्कृति, वेशभूषा, पारंपरिक धरोहर का दृश्य टेंट में देखा जा सकता है। कुंभ के शुरुआत से रोजाना शाम 6-9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जा रही है, जहां लोकगीत, नृत्य को दर्शाया जा रहा है। ददरिया, पंथी, सुवा, राउत नाचा, करमा, पंडवानी जैसे नृत्यों की प्रस्तुति लगातार जारी है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की संस्कृति से लोगों को अवगत कराना है।

### आसानी से मिल रहीं जरूरत की चीजें

रानी साहू ने बताया कि 14-16 जनवरी महाकुंभ में रहने का मौका मिला। महाकुंभ में सेक्टर-6 में छत्तीसगढ़ का टेंट लगा था, जहां रुकने और ठहरने की व्यवस्था रही। भोजन के दौरान पहले प्रदेश के साधु-संतों को अवसर दिया जाता है, जिसके बाद अन्य श्रद्धालुओं को आमंत्रित कर भोजन कराया जाता है। शानदार इंतजाम का लुत्फ उठाने राज्य के श्रद्धालुओं की भीड़ छत्तीसगढ़ पवेलियन टेंट में देखने को मिली। जहां सुबह से देर रात तक सभी जरूरत की चीजों की व्यवस्था की गई थी।

---

**पुलिस परेड ग्राउंड में केपीएस के 240 छात्रों की तिरंगा थीम पर होगी प्रस्तुति**

## गणतंत्र दिवस पर अब भी पुराने देशभक्ति गीतों का क्रेज

**रायपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहरभर के स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रायः सभी स्कूलों में देशभक्ति गानों पर नृत्य एवं संगीत की तैयारी की जा रही है। शहर के छत्रपति शिवाजी स्कूल, होली हाट्‌र्ज स्कूल, कृष्णा पब्लिक स्कूल, दानी गर्ल्स, सरस्वती शिशु मंदिर समेत विभिन्न स्कूलों में देशभक्ति गानों पर प्रस्तुति दी जा रही है। इसमें दो से चार दशक तक पुराने देशभक्ति गानों में प्रस्तुति की तैयारी की जा रही। ऐसे में भारत का रहनेवाला...सुनो गौर से दुनिया वालों..यहां हर कदम-कदम पे धरती बदली रंग...जैसे गाने अभी भी लोगों की पहली पसंद हैं। पुलिस परेड ग्राउंड में परेड, ध्वज फहराने और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है, जहां सरोना स्थित केपीएस के विद्यार्थी प्रस्तुति देने जा रहे हैं।



### देशभक्ति गीत प्रतियोगिता

*होली हाट्‌र्स स्कूल से आशुतोष ने बताया, गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति गीतों पर स्पर्धा का आयोजन किया गया है। जहां सभी छात्र पुराने देशभक्ति गीत गाते नजर आएंगे। प्रतियोगिता में सभी कक्षा के विद्यार्थियों ने एकल और सामूहिक रूप से हिस्सा लिया है।*

### पुराने गीतों में देशप्रेम का भाव

छत्रपति शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल के डायरेक्टर मुकेश शाह ने गणतंत्र दिवस पर विद्यालय की तैयारियों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि मेरा रंग दे बसंती..मेरे देश की धरती..आई लव माय इंडिया..जैसे गानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति छात्राओं द्वारा दी जाएगी। विद्यालय में बीते कई सालों से पुराने देशभक्ति गीतों का ही चयन किया जाता है, जिसे रीमिक्स कर गायन और नृत्य के लिए तय किया जाता है। पुराने देशभक्ति गीतों में देश के प्रति लोगों का प्रेमभाव दर्शाया जाता है, जो दर्शकों को देशप्रेम के साथ जोड़कर रखता है।

### केपीएस के 240 छात्र परेड ग्राउंड में शामिल

इस अवसर पर कृष्णा पब्लिक स्कूल के 240 विद्यार्थी देशभक्ति गीत पर प्रस्तुति देने जा रहे हैं, जिसके गीत के बोल संकल्प बोल के, हम तो निकल पड़े हर द्वार खोल के, गगन कहे... है। बीते एक सप्ताह से 6वीं-7वीं के नन्हे विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी में लगे हुए हैं, जो विद्यालय की पढ़ाई के साथ गणतंत्र दिवस की तैयारी भी कर रहे है। डांस टीचर जय कुमार स्वामी ने बताया, तिरंगा के तीन रंग थीम पर आयोजित नृत्य दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा, जिसमें नारंगी, सफेद और हरा, तीन रंगों की विशेषताओं को दर्शाया जाएगा। वर्तमान में विद्यालय परिसर ही तैयारी जारी है।

## जीवन में स्वयं से प्रेम करना सीखें दूसरों से अपेक्षा की तो मिलेगा दुःख

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के कला एवं संस्कृति प्रभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय परियोजना वैश्विक संस्कृति-प्रेम-शांति एवं सद्भावना का छत्तीसगढ़ राज्य में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कला एवं संस्कृति प्रभाग की राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्माकुमारी चंद्रिका दीदी ने बताया कि वैश्विक संस्कृति-प्रेम-शांति और सद्भावना विषयक यह परियोजना तीन वर्षीय प्रोजेक्ट है। हरेक के मन में प्रेम का दीपक जगाना ही इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य है। स्वयं से प्रेम करना सीखें। दूसरों से प्यार की अपेक्षा न रखें। आजकल लोग एक गलती करते हैं कि दूसरों से अपनी तुलना कर बैठते हैं।



### प्रेम और शांति का भाव जगाना होगा

*विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि वैश्विक शांति के लिए हम सबको अपने स्तर पर व्यक्तिगत प्रयास करने की जरूरत है। विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने कहा कि यहां की रग-रग में कला, संस्कृति और नृत्य बसते हैं। छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति दैव संस्कृति थी, लेकिन पाश्चात्य प्रभाव में आकर संस्कारों में विकृति आ गई है। अब हमें प्रेम और शांति का भाव जगाना होगा। इससे ही लोगों में सद्भावना आएगी। कार्यक्रम के प्रारंभ में माउण्ट आबू से आए मधुरवाणी ग्रुप के कलाकारों ने मधुर स्वर में स्वागत गीत प्रस्तुत कर भावविभोर कर दिया। समारोह को स्थानीय कलाकार दिलीप षड़ंगी ने भी संबोधित किया।*

इस संसार में हरेक व्यक्ति का गुण, स्वभाव और विशेषताएं अलग हैं। ईश्वर ने सबको एक समान नहीं बनाया है। फिर हम परस्पर तुलना क्यों करते हैं? तुलना करने से हीनभावना आती है जो कि डिप्रेशन की शुरुआत है। देखना है तो एक-दूसरे की विशेषताएं देखो। इस परियोजना के अंतर्गत समय-समय पर वर्कशॉप, सम्मेलन, कल्चरल कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाएंगे।

---

**विधानसभा मार्ग पर बिजनेस पार्क में एक्सपो, जहां देशभर की कई कंपनियों के स्टॉल**

# नेशनल इलेक्ट्रिक एक्सपो : 15 मिनट में मशीन से लकड़ी पर नक्काशी, 30 प्रतिशत बिजली बचाने स्मार्ट सेवर की पूछपरख अधिक

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** नेशनल स्टील एवं इलेक्ट्रिक एक्सपो में नई तकनीक के इलेक्ट्रिक उपकरण लोगों को लुभा रहे हैं। विधानसभा रोड स्थित श्री बिजनेस पार्क में लगे एक्सपो में देशभर की विभिन्न कंपनियों ने स्टॉल लगाए हैं, जिसमें आधुनिक मशीनें देखने को मिल रही। हैं हरिभूमि ने स्टॉल का जायजा लिया। यहां लकड़ियों पर नक्काशी करने वाली मशीन आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। हैदराबाद से आई कंपनी ने बताया कि हाथों से जिस तरह नक्काशी कार्य किया जाता है, अब मशीन भी उतनी ही बारीकी से किया जा सकता है। यह मशीन प्रिंटर की तरह काम करती है। सिस्टम में डिजाइन अपलोड करनी होती है, जिसके बाद मशीन 20 से 30 मिनट के भीतर ही लकड़ियों पर नक्काशी कर देती है। प्लाईवुड की लकड़ी पर मशीन आसानी से कार्य करती है। बाजार में इसकी कीमत 5 लाख है। गिफ्ट तैयार करने को लेकर महानगरों तक में इस मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। मशीन में एक ऑपरेटर की जरूरत होती है। मेहनत कम होने से एक समय में अधिक से अधिक वस्तुएं तैयार की जा सकती है।




### रोबोट मशीन से सामान की पैकिंग

*मशीन के जरिए कार्य करने एक्सपो में आधुनिक रोबोट भी लाए गए हैं, जिससे सामान की पैकिंग संभव है। कंपनी ने बताया कि मशीन को एक बार कमांड देने के बाद यह ऑटोमेटिक कार्य करती है। फैक्ट्रियों में इस मशीन का उपयोग बीते पांच सालों से काफी बढ़ गया है। इसके जरिए कम समय में कम लोगों के साथ काम आसानी से किया जा सकता है।*

### 30 प्रतिशत तक बिजली बिल में बचत



एक्सपो में मुंबई से आई एक बिजली कंपनी का स्मार्ट उपकरण लोगों को आकर्षित कर रहा है। यहां 30 प्रतिशत बिजली बचाने वाला स्मार्ट सेवर लोग बड़ी संख्या में खरीद रहे हैं। कंपनी ने बताया कि हर किसी व्यक्ति का बिजली बिल 18 हजार है, तो स्मार्ट सेवर के उपयोग से 3 हजार की बचत संभव है। उन्होंने बताया कि उपकरण के जरिए वेस्ट बिजली को बचाया जाता है। स्टॉल में लोगों को बताया भी जा रहा है कि यह उपकरण किस तरह से कार्य करता है। कंपनी 2 साल की वारंटी भी दे रही है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### साउथ एशियन थाई बॉक्सिंग विजेताओं की वापसी पर हुआ भव्य स्वागत



**रायपुर।** एशियन थाई बॉक्सिंग फेडरेशन (एटीएफ) के तत्वावधान में थाई बॉक्सिंग इण्डयन फेडरेशन (टीआईएफ) और मध्यप्रदेश थाई बॉक्सिंग संघ द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर, कोटरा भोपाल (मध्यप्रदेश) के बॉक्सिंग रिंग मे साउथ एशियन थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन 17 से 19 जनवरी को किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के चयनित तीन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 04 स्वर्ण पदक जीते। 20 जनवरी को लौटने पर रायपुर रेल्वे स्टेशन में एवं खिलाड़ियों के मोहल्ले में शानदार स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि इस चैंपियनशिप में भाग लेने छत्तीसगढ़ का 04 सदस्यीय दल भोपाल गया था। चैंपियनशिप के चीफ जज के रूप में राज्य थाई बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष अनीस मेमन तथा दंतेवाड़ा खेल विभाग की कोच टिकेश्वरी साहू को रेफ़री और भारतीय थाई बॉक्सिंग बालिका दल की कोच के रूप में आमंत्रित किया गया था। पदक विजेताओं में टिकेश्वरी साहू (खेल एवं युवा कल्याण, दंतेवाड़ा) – सीनियर फाइट (-48 किग्रा) में स्वर्ण पदक और ओपन म्यूजिकल इवेन्ट में स्वर्ण पदक सहित कुल 02 स्वर्ण, मानसी तांडी (रायपुर)–सीनियर फाइट (- 45 किग्रा) में स्वर्ण पदक, घृतेश साहू (रायपुर) – जूनियर वर्ग (-65 किग्रा) में फाइट में स्वर्ण पदक शामिल है।

### फुटबॉल में ब्रह्मविद और शेरा की जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित प्रथम छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर 17 फुटबॉल लीग चैंपियनशिप के अंतर्गत मंगलवार को पंत स्टेडियम भिलाई में दो मैच खेले गए। पहला मैच ब्रह्मविद फुटबॉल अकादमी रायपुर एवं एटीके चैंपियन एफसी रायपुर के मध्य खेला गया। जिसमें ब्रह्मविद एफए ने 4 - 1 से जीत दर्ज की। दूसरा मैच शेरा एफसी रायपुर एवं मेड़पार बिलासपुर के मध्य खेला गया जिसमें शेरा एफसी रायपुर ने 5 - 0 से एकतरफा जीत दर्ज की।

### प्रदेश शतरंज संघ सचिव हेमन्त का विशिष्ट योगदान हेतु किया सम्मान



**रायपुर।** स्व.श्री नंदलाल यादव की स्मृति में रायपुर में आयोजित चेस मास्टर ट्रॉफी के समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दरमियान जिला शतरंज संघ व छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमन्त खुटे को शतरंज के क्षेत्र में दिए गए 30 वर्षो के योगदान के लिए आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने साल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि हेमंत खुटे शतरंज के राष्ट्रीय निर्णायक, खिलाड़ी व कोच के साथ – साथ लेखक, खेल समीक्षक, स्तंभकार है। चेस इन स्कूल्स के तहत 3500 से अधिक बच्चों को इन्होंने निशुल्क शतरंज का प्रशिक्षण दिया है। इनकी सक्रियता को देखकर हाल ही में चेस इन स्कूल के चेयरमैन शिवा प्रसाद ने हेमंत खुटे को ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के पायलट प्रोजेक्ट चेस इन स्कूल्स के विशेष सदस्य मनोनित किये है।

### ऑल इंडिया पैरा आर्म रेसलिंग में 3 स्वर्ण सहित 11 पदक जीते खिलाड़ियों ने



**रायपुर।** ग्वालियर आर्म रेसलिंग वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा ऑल इंडिया पाफी पैरा आर्म रेसलिंग कप महिला एवं पुरूष स्पर्धा का आयोजन 18 से 19 जनवरी तक अटल बिहारी वाजपेई ट्रेनिंग सेंटर फॉर डिसएबिलिटी स्पोर्ट्स ग्वालियर में आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में महासमुंद के 7 खिलाड़ियों ने भागीदारी की। जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते और देशभर में जिले का परचम लहराया। जिले के टिकेश्वर ने अपनी बेहतरीन क्षमता का प्रदर्शन करते हुए आर्म रेसलिंग में राष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में अपनी प्रतिभा साबित की। 65 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक एवं 70 किलो भार वर्ग में रजत पदक जीते. उनकी इस दोहरी जीत ने प्रतियोगिता में महासमुंद का दबदबा कायम किया। बिन्दा यादव ने उत्कृष्ट खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए स्वर्ण पदक एवं रजत पदक अपने नाम किया। लक्षवंतीन साहू ने प्रतियोगिता में दो भार वर्ग में 2 कांस्य पदक जीता। बालमोती निषाद ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक एवं रजत पदक जीता। सुरजो यादव ने रजत एवं कांस्य पदक जीता। सविता निषाद ने 65 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। खिलाड़ियों के कोच श्रीमंत झा है. आल इंडिया पैरा आर्म रेसलिंग कप 2025 में जिले के खिलाड़ियों ने पदकों की झड़ी लगाया जिस हेतु खेल संघ के पदाधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, जिला पैरा स्पोर्ट्स संघ अध्यक्ष निरंजन साहू, सचिव तोरण यादव, वरुण निषाद, ललिता साहू, भूमिका यादव ने बधाई दी है।

## कई बार घर पर इलाज करवाना पड़ सकता है भारी

# छोटी-छोटी चोट को न लें हल्के में, बड़े खतरे से बचाव के लिए अपनाएं सतर्कता

घर के ढेर सारे काम करने के दौरान आपको जख्म या चोट लग जाती है, जिसका इलाज आप घर पर खुद ही कर लेती हैं, लेकिन हमेशा ऐसा करना आपको परेशानी में डाल सकता है। दिल्ली की रहने वाली 30 वर्षीय ऋचा हमेशा अपने दो साल के बेटे आर्यन के लिए परेशान रहती हैं। ऋचा को नौकरी पर जाना होता है और आर्यन का ध्यान उसके दादा-दादी रखते हैं। वह इतना चंचल है कि खेल-खेल में अक्सर कुछ ऐसा कर बैठता है, जिससे चोटिल हो जाता है या दादा-दादी को कर देता है।

कई बार तो फर्श पर इतना जोर से गिरता है कि सिर में सूजन तक आ जाती है। ऋचा ने जब यह परेशानी अपनी दोस्त डॉ. हर्षिता को बताई तो उन्होंने कहा, "वैसे तो बच्चों के साथ घटने वाली यह मामूली घटना है, लेकिन बार-बार सिर पर चोट लगना मस्तिष्क को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसी स्थिति में अगर बच्चा सिर या गर्दन में दर्द की शिकायत करता है तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए, क्योंकि छोटी-छोटी परेशानियों को नजरअंदाज करना स्थिति को गंभीर बना सकता है।"

यह बात भी सच है कि घर ही वह स्थान है, जहां हम खुद को सबसे सुरक्षित पाते हैं। मगर इसी स्थान पर परिवार के सदस्य किसी न किसी छोटी-मोटी दुर्घटना का शिकार हो ही जाते हैं। कभी कोई फिसल जाता है, जिस कारण चोट लग जाती है या मोच आ जाती है। कभी रसोई में काम करते वक्त हाथ कट या जल जाता है। कई बार पालतू पशु और कीड़े-मकौड़े जख्म दे जाते हैं। तब आप इन जख्मों या खरोंचों पर घरेलू नुस्खे आजमाती हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि आपके उपाय लाभकारी सिद्ध हों। ऐसे में आपको इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है, इसलिए जागरूक रहना और सावधानी बरतना जरूरी है।


### कटने और जलने को हल्के में न लें

रसोई वह स्थान है, जहां पाक कलाओं को लेकर तमाम तरह के प्रयोग किए जाते हैं, लेकिन यहीं हल्की-फुल्की चोट लगने की आशंका भी हमेशा बनी रहती है। अमूमन, रसोई में प्राथमिक रूप से फल-सब्जी काटने,



भोजन पकाने, चाय-कॉफी बनाने, मसाले पीसने और साफ-सफाई से लेकर अन्य कई तरह के काम किए जाते हैं। कई बार ऐसा करते हुए कभी उंगली कट जाती है, कभी गरम पानी या तेल हाथों पर गिर जाता है तो कभी इलेक्ट्रॉनिक अप्लायंस चलाते हुए इलेक्ट्रिक शॉक लग जाता है। आप अक्सर इनकी खास परवाह नहीं करती हैं और नजरअंदाज कर देती हैं। वह अक्सर चोट लगी जगह पर जलन को रोकने के लिए सरसों तेल या ठंडे पानी में हाथ को डूबोकर, कोई स्प्रे छिड़ककर, बर्न ऑइंटमेंट या एलोवेरा जेल लगाकर काम चला लेती हैं।

### सिर की चोट हो सकती गंभीर



छोटे बच्चों को आप कितना भी संभाल लें, नटखटपन और शरारतों की वजह से अक्सर उन्हें चोट लग ही जाती है। दौड़ने, खेलने-कूदने, कुर्सी या बिस्तर से उतरते समय थोड़ा-सा संतुलन बिगड़ते ही उन्हें सिर पर या हाथ-पैर में चोट लग जाती है। इस मौके पर होम किट या घरेलू नुस्खों की मदद से मरहम-पट्टी करना जरूरी है। अक्सर आप खरोंचों पर खास ध्यान नहीं देतीं, जबकि उनमें ही संक्रमण का सबसे अधिक खतरा होता है।

### बुजुर्गों के प्रति सतर्कता

बच्चों के अलावा आपको परिवारों के बुजुर्गों का भी खास ख्याल रखना होता है। बुजुर्गों की बढ़ती उम्र के साथ हड्डियां कमजोर और आंखों की रोशनी कम होने लगती है। कई बार उनके लिए शरीर पर संतुलन बनाए रखना भी मुश्किल होता है। इससे उनके गिरने या चोटिल होने का खतरा हमेशा बना रहता है, खासकर डिमेंशिया और पार्किंसन के शिकार बुजुर्गों के बाथरूम में गिरने की अनेक घटनाएं घटित होती हैं। यह जरूरी नहीं कि हर चोट गंभीर हो और डॉक्टर को दिखाने की जरूरत पड़े, लेकिन अगर सिर पर कहीं चोट लगी हो और बुजुर्ग को नींद या चक्कर आने लगें, उल्टियां शुरू हो जाएं तो तत्काल डॉक्टर से संपर्क करें। इसके अलावा चोट लगने से अगर हाथ या पैर उठाने में तकलीफ हो रही हो, तब भी जांच करानी चाहिए।

## मिक्सर जार से आ रही है बदबू तो काम आएगा केले का छिलका



मिक्सर जार किचन में कभी मसाले पीसने के लिए तो कभी चटनी बनाने के लिए सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है। हालांकि, अभी भी कई लोग चटनी बनाने के लिए सिल बट्टे का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन मिक्सर जार में पीसने से काफी टाइम बचता है। लेकिन बार-बार इस्तेमाल के बाद इसमें से कभी-कभी बदबू आने लगती है। यह बदबू जार में फंसे खाने, मसालों या गीली चीजों की वजह से हो सकती है।ऐसे में कई बार धोने के बाद भी बदबू खत्म नहीं होती। अगर आपके साथ ही ऐसा है, तो हम आपको बताएंगे केला का छिलका इस्तेमाल करने का यूनिक तरीका जिससे जार की बदबू कम कर सकते हैं। तो आइए जानें कि मिक्सर जार से बदबू हटाने के लिए केले के छिलके का इस्तेमाल कैसे करें।

### केले के छिलके का यूं करें इस्तेमाल

सबसे पहले एक केले का छिलका लें और इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। मिक्सर जार में यह छिलका डालें और थोड़ा पानी मिलाएं। मिक्सर को 30-40 सेकंड के लिए चलाएं। यह छिलका जार के अंदर के दाग-धब्बों और बदबू को हटाने में मदद करेगा। मिक्सर जार को अच्छी तरह से धो लें और फिर सूखने के लिए रख दें। अगर आप अंदर से जार की सफाई करना चाहते हैं, तो इसके साथ नमक मिला सकते हैं। नमक जार की अच्छी तरह सफाई करता है और छिलके बदबू मिटाने के काम करेगा।

केले का छिलका छोटे-छोटे टुकड़ों में काटें। इसमें एक चम्मच नमक डालें और थोड़ा पानी मिलाएं। इस मिश्रण को मिक्सर में डालकर चलाएं। अगर आपके घर में विनेगर रखा है, तो इसका भा इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं होगी, बस आपको नीचे बताए गए स्टेप्स को फॉलो करना होगा।

केले का छिलका और 1 चम्मच बेकिंग सोडा मिक्सर जार में डालें। थोड़ा पानी डालकर मिक्स करें। गर्म पानी और केले के छिलके का करें इस्तेमाल यह टिप न सिर्फ आपके जार को साफ करता है, बल्कि उसे ताजगी भी प्रदान करता है। केले के छिलके में मौजूद प्राकृतिक एंजाइम और फाइबर जार के अंदर फंसे गंदगी के कणों को ढीला कर देते हैं, जबकि गर्म पानी सफाई तेजी से करता है।

## मौनी अमावस्या पर बनेगा अतिशुभ संयोग, जानें क्या करें और क्या नहीं




वैदिक पंचांग के अनुसार माघ मास के कृष्णपक्ष की अंतिम तिथि को मौनी अमावस्या है। इसे माघी या मौनी अमावस्या भी कहते हैं। इस बार माघी अमावस्या 29 जनवरी को है। सनातन धर्म में मौनी अमावस्या के दिन गंगा स्नान करने की परंपरा है। इस शुभ अवसर पर भक्त गंगा तट पर स्नान करते हैं, ध्यान करते हैं और भगवान शिव की पूजा करते हैं।

धार्मिक मान्यता है कि मौनी अमावस्या के दिन गंगा में स्नान करने से जाने-अनजाने में किए गये पाप धुल जाते हैं। मां गंगा की कृपा भी भक्तों पर बरसती है। कुंडली में शामिल अशुभ ग्रहों से मुक्ति मिलती है। इस बार माघी अमावस्या पर कई शुभ संयोग का निर्माण हो रहा है। आइए जानते हैं कौन से हैं ये शुभ योग और इस दौरान क्या करना चाहिए क्या नहीं।

**शिववास योग:** मौनी अमावस्या पर दुर्लभ शिववास योग का संयोग बन रहा है। शिववास का संयोग मौनी अमावस्या यानी 29 जनवरी को सायं 06: 05 मिनट तक है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान शिव कैलाश पर मां गौरी के साथ विराजमान रहेंगे।

**सिद्धि योग:** माघ अमावस्या या मौनी अमावस्या पर सिद्धि योग का भी संयोग बन रहा है। सिद्धि योग का संयोग रात 09 बजकर 22 मिनट तक है। ज्योतिष शास्त्र में सिद्धि योग को शुभ मानते हैं। इस योग में भगवान शिव की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी।

इसके अलावा मौनी अमावस्या पर श्रवण एवं उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का संयोग बन रहा है। इन योग में भगवान शिव की पूजा करने से शुभ फल की प्राप्ति होगी।



## दफ्तर की नकारात्मकता कार्य में डाल रही है बाधा तो ऐसे पाएं बेहतर माहौल

आप अपने दिन का अधिकतर वक्त दफ्तर में बिताते हैं। ऐसे में दफ्तर आपके लिए दूसरे घर जैसा हो जाता है, जहां का माहौल अगर अच्छा हो तो कार्य भी बेहतर तरीके से होता है। वहीं अगर माहौल में नकारात्मकता होती है तो दफ्तर में काम में भी मन नहीं लगता है और कार्य सही तरीके से भी नहीं हो पाता है। दफ्तर में नकारात्मक माहौल का असर न केवल आपके मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है, बल्कि यह आपके कार्यक्षेत्र की उत्पादकता और व्यक्तिगत विकास में भी बाधा बन सकता है। दफ्तर का माहौल कभी-कभी आपके नियंत्रण से बाहर हो सकता है, लेकिन आप अपनी सोच और दृष्टिकोण को बदलकर इसे सकारात्मक बना सकते हैं। याद रखें, आपकी ऊर्जा और दृष्टिकोण दूसरों को भी प्रभावित कर सकती है। सकारात्मक रहें और धीरे-धीरे माहौल को सुधारने की कोशिश करें। यदि आप अपने दफ्तर में नकारात्मकता महसूस कर रहे हैं, तो इसे सकारात्मकता में बदलने के लिए कुछ तरीके अपना सकते हैं।

### सकारात्मकता बनाए रखें

सबसे जरूरी है कि आपके विचार और व्यवहार में सकारात्मकता हो। जब आप खुद पॉजिटिव रहेंगे तो दूसरों को भी प्रेरित कर सकते हैं। अपने सहकर्मियों की छोटी-छोटी मदद और उपलब्धियों की सराहना करें। आभार व्यक्त करना सीखें। इससे वातावरण को सकारात्मक बनाया जा सकता है।

### समस्या पर खुलकर बात करें



यही आपकी टीम के भीतर नकारात्मकता है या कोई सहकर्मी नकारात्मक बाते करता है तो उससे बात करें और समस्या समझें। नकारात्मकता के कारण को जानकर समाधान निकालने के लिए प्रबंधन से खुलकर बात करें। किसी सहकर्मी के नकारात्मक व्यवहार से समस्या हो रही है, तो विनम्रता से उनसे बात करें।

### नकारात्मकता से दूरी


दफ्तर में फैली अफवाहों से दूर रहें। इसका हिस्सा न बनें। ऐसे सहकर्मियों से दूरी बनाए रखें जो लगातार शिकायत करते हैं या दूसरों की बुराई करते रहते हैं। नकारात्मकता से दूर रहकर आप इसके प्रभाव से बच सकते हैं और आपका मन मस्तिष्क शांत रह सकता है।

### कार्यक्षेत्र को व्यवस्थित करें

अपने कार्यस्थल को साफ-सुथरा और प्रेरणादायक बनाए रखें। आप डेस्क पर सकारात्मक संदेश, पौधे, या प्रेरक चित्र रख सकते हैं। काम के दौरान छोटे-छोटे ब्रेक लें और अपने तनाव को कम करें।

### व्यक्तिगत विकास पर ध्यान दें

मानसिक शांति और सकारात्मकता बनाए रखने के लिए योग और ध्यान करें। अपने कौशल को विकसित करें। यह आत्मविश्वास बढ़ाने और नकारात्मकता से बचने में मदद करता है।





## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'बैक इन एक्शन' में सीआईए एजेंट बन कर लौटीं कैमरून, ट्रेलर जारी



हॉलीवुड की जासूसी कॉमेडी फिल्म 'बैक इन एक्शन' का नेटफ्लिक्स ने ट्रेलर जारी किया है। फिल्म में कैमरून डियाज और जेमी फॉक्स मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। दोनों ने फिल्म में पूर्व सीआईए एजेंट का किरदार निभाया है। हॉलीवुड फिल्म के एक्शन से भरपूर होने का दावा किया जा रहा है। आइए इससे जुड़ी अन्य जानकारियों को जानते हैं।

17 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर फिल्म का प्रीमियर हुआ। एक्ट्रेस कैमरून डियाज ने इस फिल्म से 10 वर्षों के बाद अभिनय में वापसी की हैं। उन्हें आखिरी बार साल 2014 में सेठ गॉर्डन द्वारा निर्देशित एक्शन फिल्म में 'एनी' में देखा गया था। निर्माताओं ने ट्रेलर को कैप्शन दिया, सीआईए जासूस की जिंदगी छोड़कर परिवार शुरू करने के कई वर्षों बाद, एमिली (कैमरन डियाज) और मैट (जेमी फॉक्स) अपने राज खुलने पर खुद को जासूसी दुनिया में वापस लौटते हुए पाते हैं।" कुछ दिनों पहले फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था, जिसमें केवल परिवार के सदस्य ही दिखाई दिए थे। अब नए ट्रेलर में अन्य किरदार भी नजर आए हैं। जिसमें, काइल चैंडलर, एंड्रयू स्कॉट और ग्लेन क्लोज सहित बाकी स्टार-स्टडेड कास्ट को दिखाया गया है। ट्रेलर में चैंडलर दोस्त के किरदार में नजर आ रहे हैं, जबकि एंड्रयू स्कॉट दुश्मन की भूमिका निभाते दिख रहे हैं। ट्रेलर में फिल्म के मुख्य अभिनेता कैमरून डियाज और जेमी फॉक्स खतरनाक एक्शन करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों के किरदार दो बच्चों के माता-पिता है।

### टॉलीवुड

## नागा की पैन इंडिया 'थंडेल' को बड़े पैमाने पर किया जाएगा प्रमोट, तैयारी शुरू



साउथ अभिनेता और नागार्जुन के बड़े बेटे नागा चैतन्य की फिल्म थंडेल की रिलीज से पहले कोई ना कोई अहम जानकारी सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार, अब पैन इंडिया फिल्म थंडेल को बड़े पैमाने पर कुछ शहरों में प्रमोट किया जाएगा। नागा चैतन्य और साई पल्लवी की आगामी फिल्म थंडेल उनकी अगली बड़ी रिलीज फिल्म है। थंडेल की रिलीज से पहले फिल्म निर्माताओं ने इसे बड़े पैमाने पर प्रमोच करने का फैसला लिया है। चंदू मोंडेती द्वारा निर्देशित यह फिल्म रोमांस और देशभक्ति का मिला जुला संगम है। यह फिल्म 7 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। यह नागा चैतन्य के करियर की सबसे महंगी परियोजना में से एक बताई जा रही है, जो वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित है।

फिल्म में नागा का किरदार उनकी बाकी रिलीज हो चुकी फिल्मों से हटकर होगा, यही वजह है कि फिल्म को अब बड़े पैमाने पर प्रमोट करने का फैसला लिया गया है। कथित तौर पर गीता आर्ट्स फिल्मों को बड़े पैमाने पर प्रमोट करता है और इस प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट के लिए भी यही होगा।

जानकारी के अनुसार, फिल्म मेकर्स थंडेल की रिलीज से पहले दो और गाने और एक ट्रेलर लॉन्च करेंगे। कथित तौर पर फिल्म को गैर-तेलुगु दर्शकों के करीब ले जाने के लिए मुंबई और चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों में कई कार्यक्रमों की योजना बनाई जा रही है।

कथित तौर पर विजाग में एक भव्य प्री-रिलीज इवेंट होने की संभावना है, जिसके साथ प्रचार अभियान खत्म हो सकता है। थंडेल के पोस्ट-प्रोडक्शन का काम लगातार चल रहा है। पहला सिंगल, बुज्जी थल्ली, एक चार्टबस्टर है, और अगर फिल्म को एक और बड़ा हिट गाना मिलता है, तो इसका प्रचार अपने आप ही बहुत बड़ा हो जाएगा।

### भोजपुरी

## खेसारी के नए गाने को 8 घंटे में 14 लाख व्यूज, दर्शक उत्साहित



भोजपुरी संगीत की दुनिया में इन दिनों सुपरस्टार सिंगर्स के फैंस के बीच गजब का कंपीटिशन शुरू हो गया है। पहले जहां नए गानों को रिलीज के बाद मिलियन्स तक पहुंचने में करीब 24 घंटे लगते थे, वहीं अब कुछ ही घंटों में धमाकेदार व्यूज से गाने सपुरहिट हो रहे हैं। कुछ ऐसा ही हुआ है खेसारी लाल यादव के नए गाने 'गजब डोले' के साथ। इस गाने को महज 8 घंटों में 14 लाख यानी 1.4 मलियिन व्यूज मिल गए हैं।खेसारी का यह नया गाना गजब डोले 20 जनवरी को ही रिलीज हुआ है। इसे सुपरस्टार सिंगर ने प्रियंका सिंह के साथ मिलकर गया है। यह एक आइटम डांस नंबर है, जिसका म्यूजिक वीडियो भी बड़े ग्रैंड अंदाज में तैयार किया गया है। वीडियो में खेसारी के साथ खूबसूरत सौम्या पांडे नजर आ रही हैं। उनकी गोरी कमर हर हर दिल फिसल रहा है। 'गजब डोले' गाने के बोल अभिषेक भोजपुरिया ने लिखे हैं, जबकि इसका म्यूजिक जय गुरुदेव ने कम्पोज किया है। कृष्णा अमृत फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले इस गाने के डायरेक्टर और कोरियोग्राफर लक्की विश्वकर्मा हैं। इस धमाकेदार म्यूजिक वीडियो की फैंस खूब तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा है कि भोजपुरी इंडस्ट्री खेसारी से बढ़कर कोई स्टार नहीं है और इस गाने से उन्होंने एक बार फिर सबको पीछे छोड़ दिया है। एक अन्य ने लिखा है कि खेसारी सबसे बेस्ट हैं ।




### बदलता मौसम

साल 2025 में बदलते मौसम के साथ फैशन का ट्रेंड भी बदलता जाएगा। हाल ही में पेरिस फैशन वीक के दौरान लंबे कोट और गुलाबी रंग को प्राथमिकता दी गई। फैशन के जानकारों का कहना था कि सर्दियों में लंबे कोट अरसे से से फैशन पर हावी है। इस सीज़न के लिए निटवियर का ट्रेंड भी देखा गया। जिसमें ज़्यादा पारंपरिक केबल निट और बबल निट से लेकर बड़े, चंकी निट और हल्के, ज़्यादा कामुक निट तक सब कुछ देखने को मिला।

## दोमुंहे बालों से छुटकारा पाने के आसान और घरेलू उपाय

प्रदूषण की वजह से हर कोई आजकल काफी परेशान है। प्रदूषण का सीधा असर लोगों की त्वचा और बालों पर देखा जा रहा है। प्रदूषण के दौरान यदि बालों का सही से ध्यान न रखा जाए तो दो मुंहे बालों की समस्या का होना बेहद आम है। दो मुंहे बाल देखने में तो अजीब लगते ही हैं, इनकी वजह से लुक भी खराब दिखने लगता है। इस परेशानी से ही बालों की ग्रोथ पर भी असर पड़ता है।

यदि आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो यहां हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपके बाल मजबूत और शाइनी दिखेंगे। इन नुस्खों को इस्तेमाल करने के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### ट्रिमिंग है जरूरी

यदि आपके बाल दो मुंहे हो रहे हैं तो बालों की नियमित ट्रिमिंग करें। इसके लिए हर 6-8 सप्ताह में बालों को ट्रिम करवाएं। इससे दो मुंहे बाल हट जाएंगे और बाल स्वस्थ दिखेंगे। यदि आप समय पर ट्रिमिंग नहीं कराएंगे तो इससे बालों की ग्रोथ पर गहरा असर पड़ेगा।

### नारियल तेल का उपयोग करें

दो मुंहे बालों से छुटकारा पाना चाहते हैं तो बालों पर हल्के गर्म नारियल तेल की मालिश करें। इसे 1-2 घंटे छोड़ें और फिर माइल्ड शैम्पू से धो लें। ये बालों को पोषण देता है और दोमुंहे बालों को रोकता है। इसका इस्तेमाल तेल को हल्का गुनगुना करके ही करें, तभी ये ज्यादा फायदेमंद होगा।



### एलोवेरा जेल लगाएं

यदि आपके घर में एलोवेरा का पौधा लगा है तो एलोवेरा जेल को बालों के सिरों पर लगाएं और 30 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद बालों को धो लें। ये बालों को मॉइस्चराइज करता है और दो मुंहे बालों को ठीक करता है।

### अंडे का मास्क बनाएं

यदि आपको अंडा लगाने में कोई परेशानी नहीं है तो 1 अंडे को फेंटें और उसमें 2 बड़े चम्मच जैतून का तेल और शहद मिलाएं। इसे बालों में लगाकर 30 मिनट तक रखें। तीस मिनट के बाद बालों को शैंपू से धो लें। अंडा प्रोटीन से भरपूर होता है और बालों को मजबूती देता है।

## न्यू डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट अपनाइए, मिलेगी सभी से तारीफ




अगर आप शादी से पहले होने वाले संगीत फंक्शन में भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप को-ऑर्ड सेट इस खास मौके पर स्टाइल कर सकती हैं। इस आउटफिट में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं कंफर्टेबल भी रहेंगी।



हर महिला चाहती है कि वो शादी के सभी फंक्शन में खूबसूरत नजर आए और इसके लिए वो बेस्ट आउटफिट का चुनाव कर सकती हैं। वहीं आजकल के फैशन की बात करें तो को-ऑर्ड सेट काफी ट्रेंड में है। को-ऑर्ड न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है और अगर आप भी शादी से पहले होने वाले संगीत फंक्शन में खूबसूरत नजर आना चाहती हैं तो आप को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। हम आपको कुछ न्यू डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट दिखा रहे हैं जो आप संगीत फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं। यह को-ऑर्ड सेट जहां खूबसूरत नजर आने के लिए बेस्ट है तो वहीं इन्हें वियर करने के बाद आपका लुक भीड़ से भी अलग नजर आएगा। इस तरह के प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट आप संगीत फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं जिसमे आपका लुक फ्रेश और खूबसूरत नजर आएगा। इस को-ऑर्ड सेट में टॉप, प्लाजो और श्रग है। इस तरह का प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट आपको सारे वर्क में नेकलाइन डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे। जिन्हें आप 1,000 से 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट के साथ आप आउटफिट के हिसाब से पर्ल वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। प्रिंटेड में आप इस तरह डार्क कलर के को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं और इस को-ऑर्ड सेट में आप भीड़ से अलग नजर आएंगी।

### फ्लोरल डिजाइन को-ऑर्ड सेट

फ्लोरल डिजाइन वाले आउटफिट इन दिनों काफी ट्रेंड में है और अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो आप इस तरह के फ्लोरल पैटर्न वाले को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट को स्टाइल करने के बाद आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा और इसे आप 2,000 से 3,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

## कलर साड़ी के साथ वियर करें कुछ खास ज्वेलरी कलर, दिखेंगी बेहद खूबसूरत

साड़ी स्टाइल करना तो हम सभी को पसंद होता है। लेकिन साड़ी में लुक तभी अच्छा लगता है, जब हम इसके साथ अलग-अलग डिजाइन वाली ज्वेलरी को वियर करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसे वियर करने के बाद आप अच्छी नजर आती है। ऑफ व्हाइट साड़ी के साथ हर रंग की ज्वेलरी अच्छी नजर लगती है। ऐसे में आप कुछ ऐसे कलर को चूज कर सकती हैं, जिसे वियर करके आप अच्छी नजर आएंगी।

### व्हाइट पर्ल डिजाइन वाली ज्वेलरी

आप अपनी साड़ी के साथ व्हाइट पर्ल वाली ज्वेलरी को वियर कर सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इसे साड़ी के साथ पहनने के बाद रॉयल लुक क्रिएट होगा। इस तरह की ज्वेलरी में आपको हैवी से लेकर सिंपल डिजाइन वाली ज्वेलरी मिल जाएगी। इससे आप अच्छी नजर आएंगी। साथ ही, आपकी कलेक्शन में कुछ नया ऐड हो जाएगा।

### मल्टी कलर स्टोन ज्वेलरी

आप साड़ी के साथ मल्टी कलर स्टोन



ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी पहनने के बाद सबसे अलग और सुंदर नजर आती है। साथ ही, ऑफ व्हाइट कलर के साथ सबसे अलग लगती हैं। इसमें आपको लेयर से लेकर चोकर सेट के काफी अच्छे डिजाइन मिल जाएंगे। जिसे स्टाइल करके आप अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। इसे आप किसी और आउटफिट के साथ वियर कर पाएंगी। सुंदर नजर आने के लिए आप स्टोन वर्क वाले नेकलेस सेट को भी साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

## वैक्सिंग के बाद रूखी हो जाती है त्वचा तो इन्हें इस्तेमाल करें

जहां हेयर रिमूवल क्रीम और रेजर के इस्तेमाल के बाद बाल जल्दी निकल आते हैं, वहीं वैक्सिंग के बाद लंबे समय तक बाल नहीं निकलते। ऐसे में महिलाएं वैक्सिंग कराना ही पसंद करती हैं। वैक्सिंग कराने के बाद बहुत सी महिलाएं त्वचा के रूखेपन से परेशान रहती हैं। ऐसे में हम यहां आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आप वैक्सिंग के बाद कर सकती हैं। इससे आपकी त्वचा खिल उठेगी।

**एलोवेरा जेल:** ताजे एलोवेरा जेल को त्वचा पर लगाएं। ये त्वचा को ठंडक और नमी प्रदान करता है और जलन को कम करता है। इसे 10-15 मिनट तक त्वचा पर लगा रहने दें और फिर हल्के गुनगुने पानी से धो लें। चाहें तो इसे ऐसे ही लगा रहने दें। ये त्वचा पर किसी तरह की हानि नहीं पहुंचाता।

**नारियल तेल:** यदि वैक्सिंग के बाद आपकी त्वचा रूखी हो जाती है तो शुद्ध नारियल तेल का उपयोग त्वचा को मॉइस्चराइज करने के लिए करें। वैक्सिंग के तुरंत बाद त्वचा पर नारियल का तेल लगाएं। इसके



अलावा रात में सोने से पहले इसे प्रभावित स्थान पर लगाएं।

**गुलाब जल:** हर घर में गुलाब जल तो अवश्य होता ही है। ये त्वचा को ठंडक और ताजगी प्रदान करता है। ऐसे में इसके इस्तेमाल के लिए एक कॉटन बॉल की मदद से त्वचा पर लगाएं। आप वैक्सिंग के तुरंत बाद इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

### इस मौसम में क्रोशिया स्वेटर अपनाकर दिखेंगी आप भीड़ से अलग

## ऑफिस गर्ल्स को ठंड से बचने के लिए चाहिए स्मार्ट लुक, स्टाइल करें ये ट्रेंडी क्रोशिया स्वेटर

सर्दियों के मौसम में यदि आप भी रोज ऑफिस जाने से पहले यह सोचती हैं कि क्या पहना जाए। इस परेशानी का सामना हर लड़की को करना पड़ता है। आपके साथ भी ऐसा होता है तो आज हम आपको क्रोशिया से बने स्वेटर दिखाने जा रहे हैं। जिनको कैरी करके आप ठंड से भी बचेंगी साथ ही आपका स्टाइल लुक भी बरकरार रहेगा।

सर्दियों के मौसम में कपड़ों का चयन करना काफी कठिन टास्क होता है। इस वेदर में हमें ठंड से बचने के साथ स्मार्ट लुक में भी दिखना होता है। ऐसे में ऑउटफिट को पेयर करने का तरीका आना बेहद जरूरी होता है। आजकल हर दिन फैशन ट्रेंड में बदलाव होता रहता है। ऐसे में बाजारों में भी अलग-अलग तरह के ऑउटफिट देखने को मिल जाते हैं, लेकिन बात सिर्फ ऑउटफिट की ही नहीं होती हैं। यदि आपको उन्हें स्टाइल करने का तरीका नहीं आता है, तो आप कुछ भी पहन लें आपका लुक अट्रैक्टिव नजर आएगा ही नहीं। ऐसे में ड्रेसिंग स्टाइल के बारे में जानकारी हर लड़की को होनी



### मल्टी कलर कार्डिगन

ऑफिस में आप इस तरह का मल्टी कलर कार्डिगन ट्राई कर सकती हैं। इसको आप जींस, टॉप या कुर्ती के साथ पेयर करके खुद को स्मार्ट लुक दे पाएंगी। जालीदार दिखने वाले यह क्रोशिया स्वेटर काफी गर्म रहते हैं। इनको कैरी करने के बाद आपका लुक हर जगह यूनिक नजर आता है। इस कार्डिगन में आपको ऑनलाइन कई तरह के डिजाइन और पैटर्न मिल जाएंगे। हालांकि इनकी कीमत थोड़ी ज्यादा होती है। यह आपको 1000 से 3000 की रेंज में मिलेंगे।

### हाफ क्रोशिया फ्लोरल पैच स्वेटर

सलवार सूट या किसी लांग टॉप के संग आप फोटो में नजर आ रहा हाफ स्वेटर कैरी कर सकती हैं। ऐसे स्वेटर स्कर्ट और डेनिम दोनों के संग ग्रेसफुल लुक देते हैं। आप चाहे तो इनके ऊपर कोई शार्ट पफर जैकिट भी पेयर कर सकती हैं। ध्यान रहे आप जिस भी कलर का स्वेटर पहनें आपका अंदर वाला टॉप या शर्ट डिफरेंट कलर की होनी चाहिए। ऐसे में यह आपको परफेक्ट कॉम्बिनेशन देगा।

### पिंक फ्लोरल पैच स्वेटर

इस तरह के फ्लोरल पैच वाले स्वेटर भी काफी डेशिंग लुक देते हैं। इनको आप सलवार-सूट और जींस-टॉप के संग पेयर कर सकती हैं। इसमें आपको ऑनलाइन कई तरह के कलर और न्यू पैटर्न मिल जाएंगे। आप चाहे तो इनको ओपन करके या बटन लगाकर दोनों तरीके से स्टाइल कर सकती हैं। इसको आप डेनिम जींस के साथ किसी कंट्रास्ट कलर के टॉप को पहनकर ऐसा क्रोशिया स्वेटर पहन सकती हैं।

